दैनिक **नवप्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, रविवार 12 मार्च 2023, कृष्ण पक्ष पंचमी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-12 अंक-31 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

इस बार भी होली में लड़खड़ाने वालों ने अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में अग्रणी भूमिका निभाई। रंग गुलाल और मिठाई से ज्यादा शराब बिकी। इस मामले में देश की राजधानी दिल्ली के पियक्कड़ सबसे आगे रहे। होली के लिए सात करोड़ से ज्यादा की शराब बिकी, जो एक नया रिकार्ड है। वाकई दिल्ली दिलवालों की है। वहां के बाशिंदे अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए शराब पर दिल खोलकर खर्च करते है। लगता है दिल्ली के आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के गम में दिल्ली वालों ने ज्यादा शराब पी है। कुछ लोगों ने खुशी में भी पी होगी।

वंचित लोगों तक पहुंचने के लिए व्यावहारिक नीति की आवश्यकता: मोदी

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार देश के दूर-दराज के इलाकों में लोगों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है और उनमें से कई लोगों को पहली बार सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। अधिकांश कारीगर दलित, आदिवासी, पिछड़े समुदायों से हैं या महिलाएं हैं और उन तक पहुंचने तथा उन्हें लाभ प्रदान करने के लिए एक व्यावहारिक रणनीति की आवश्यकता होगी।

श्री मोदी ने शनिवार को 'प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान' पर बजट पश्चात वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि वंचित लोगों तक पहुंचने के लिए एक समयबद्ध मिशन मोड में काम करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य कारीगरों और छोटे व्यवसायों से जुड़े लोगों की मदद करना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि छोटे कारीगर स्थानीय शिल्प के उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पीएम विश्वकर्मा योजना उन्हें सशक्त बनाने पर केंद्रित है। योजना का उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों की समृद्ध परंपराओं को संरक्षित करते हुए उनका विकास करना है। भारत की विकास यात्रा के लिए गांव के हर वर्ग को उसके विकास के लिए सशक्त बनाना आवश्यक है। देश के विश्वकर्माओं की जरूरतों के अनुसार अपने कौशल बुनियादी ढांचे को फिर से तैयार करने की आवश्यकता है।

कारीगरों और शिल्पकारों को मूल्य श्रृंखला का हिस्सा बनने पर मजबूत किया जा सकता है।

मनी लॉन्ड्रिंग केस : ईडी का दावा- सिसोदिया ने 290 करोड़ रुपये रिश्वत की साजिश रची

नई दिल्ली। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर 290 करोड़ रुपये की साजिश रचने के आरोप लगाए। इसके बाद अदालत ने मनीष को सात दिन के लिए ईडी की रिमांड में भेज दिया।

उधर, मनीष के वकीलों ने ईडी के आरोप को तथ्यहीन बताया और सवाल उठाया कि धन अर्जित कहां हुआ है। यह केवल सिसोदिया को लंबे समय तक हिरासत में रखने की साजिश है।

सिसोदया दिखे शांत, चुपचाप सुनते रहे दलीलें : प्रवर्तन निदेशालय ने मनीष सिसोदिया को दोपहर दो बजे अदालत में पेश किया। पेशी के समय सिसोदिया मुस्कुराते नजर आए। अदालत में दो घंटे चली सुनवाई के दौरान सिसोदिया शांत रहे और चुपचाप ईडी व बचाव पक्ष की दलीलें सुनते रहे। यहां तक की जब अदालत द्वारा उन्हें सात दिन की ईडी की रिमांड पर देने का निर्णय किया गया, तो उस समय भी वह मुस्कुरा रहे थे।

रिमांड के दौरान इन बातों का ध्यान रखने के निर्देश : विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल की अदालत ने निर्देश दिया कि सीसीटीवी कवरेज वाले किसी स्थान पर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

//-- सुविचार --//

बेहतरीन दिनों के लिए बुरे दिनों से लड़ना पड़ता है।

जनसंख्या

विश्व : 8,021,295,422

भारत: 1,417,295,266

बाजार

सेंसेक्स : अवकाश

निफ्टी: अवकाश

गोल्ड : 57,040 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 65,700 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 4.31 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	35.8	21.1
बिलासपुर	35.4	19.6
जगदलपुर	33.7	17.8
अंबिकापुर	32.0	15.6

आज का दिवस

महत्त्वपूर्ण घटनाएं : 1365 में ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी। 1609 में टलांटिक महासागर में स्थित बरमुडा द्वीप में अंग्रेजों का उपनिवेश बना। 1755 में अमेरिका ने भाप के पहले इंजन का इस्तेमाल खदान से पानी निकालने के लिए किया गया। 1904 में ब्रिटेन में मुख्य लाइन पर पहली बार इलेक्ट्रिक ट्रेन चलायी गयी। 1930 में महात्मा गांधी ने साबरमती आश्रम से दांडी मार्च की शुरुआत की दांडी मार्च का उद्देश्?य अंग्रेज़ों द्वारा बनाये गए 'नमक क़ानून को तोड़ना' था। 1954 में भारत सरकार ने साहित्य अकादमी का उद्घाटन किया। 1958 में ब्रिटिश साम्राज्य दिवस का नाम 'राष्ट्रमंडल दिवस' किया गया। 1970 में अमेरिका में मतदान की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष से घटा कर 18 वर्ष की गयी। 1992 में मारिशस गणराज्य घोषित किया गया

समलैंगिक शादियों पर याचिका सुको में मंजूर, सीजेआई चंद्रचूड़ करेंगे सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट सोमवार को समलैंगिक शादियों को कानूनी मान्यता देने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की पीठ यह सुनवाई करेगी। इससे पहले शीर्ष अदालत ने 6 जनवरी को दिल्ली उच्च न्यायालय सहित विभिन्न उच्च न्यायालयों के समक्ष लंबित ऐसी सभी याचिकाओं को क्लब और अपने पास स्थानांतरित कर लिया था।

शीर्ष अदालत की पीठ ने अपने 6 जनवरी के आदेश में कहा था, ÷संकलनों की सॉफ्ट कॉपी का आदान-प्रदान पक्षों के बीच किया जाएगा और अदालत को उपलब्ध कराया जाएगा। संबंधित याचिकाओं और हस्तांतरित मामलों के साथ याचिका को 13 मार्च 2023 को निर्देश के लिए सूचीबद्ध करें।÷

कई याचिकाकर्ताओं के वकील ने पीठ से कहा था कि वे चाहते हैं कि शीर्ष अदालत इस मुद्दे पर एक आधिकारिक घोषणा के लिए सभी मामलों को अपने पास स्थानांतरित कर ले और केंद्र शीर्ष अदालत में अपना जवाब दाखिल कर सके। अदालत ने 3 जनवरी को कहा था कि वह उच्च न्यायालयों में लंबित समलैंगिक विवाहों को मान्यता देने के लिए दायर याचिकाओं को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने की मांग वाली याचिकाओं पर छह जनवरी को सुनवाई करेगी।

शीर्ष अदालत ने पिछले साल 14 दिसंबर को दो याचिकाओं पर केंद्र से जवाब मांगा था जिसमें दिल्ली उच्च न्यायालय में लंबित याचिकाओं को स्थानांतरित करने की मांग की गई थी ताकि समलैंगिक विवाह को खुद को मान्यता देने के निर्देश दिए जा सकें।

इससे पहले, पिछले साल 25 नवंबर को, शीर्ष अदालत ने दो समलैंगिक जोड़ों द्वारा शादी के अपने अधिकार को लागू करने और विशेष विवाह अधिनियम के तहत अपने विवाह को पंजीकृत करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने की मांग वाली अलग-अलग याचिकाओं ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छग हाईकोर्ट ने शिक्षक भर्ती में महिलाओं के 100 फीसदी कोटे को किया रद्द

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा नर्सिंग कॉलेजों में सहायक प्रोफेसरों और डेमोंस्ट्रेटर के पदों पर भर्ती के लिए महिलाओं को 100 फीसदी आरक्षण देने वाले विज्ञापन को असंवैधानिक करार देते हुए इसे रद्द कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश अरूप कुमार गोस्वामी और न्यायमूर्ति नरेंद्र कुमार व्यास की खंडपीठ ने छत्तीसगढ़ चिकित्सा शिक्षा (राजपत्रित) सेवा भर्ती नियम 2013 की अनुसूची III के एक प्राविधान को भी रद्द कर दिया है। इसमें कहा गया था कि केवल महिलाएं ही सरकारी नर्सिंग कॉलेजों में प्रोफेसरों और डेमोंस्ट्रेटर पदों पर सीधी भर्ती के लिए पात्र हैं।

पीठ ने को अभय कुमार किस्पोट्टा डॉ. अजय त्रिपाठी , एलियस जाल्क्सो एवं अन्य की ओर से सरकार के विज्ञापन को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के बाद आदेश दिया। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने 8 दिसंबर, 2021 को विभिन्न विषयों में सहायक प्राध्यापक (नर्सिंग) एवं डेमोंस्ट्रेटर के पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया था। विज्ञापन की धारा 5 के अनुसार भर्ती और नियुक्ति के लिए केवल महिलाएं ही पात्र थीं।

याचिकाकर्ताओं ने राज्य सरकार की ओर से जारी विज्ञापन के खिलाफ हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। याचिकाकर्ताओं ने चिकित्सा शिक्षा (राजपत्रित) सेवा भर्ती नियम, 2013 के नोट-2 की वैधता और संवैधानिक वैधता को चुनौती दी थी। इसके तहत केवल महिलाएं ही नर्सिंग कॉलेजों में सहायक प्रोफेसरों के पदों पर सीधी भर्ती के लिए पात्र थीं। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि उनके पास रिक्त पदों के लिए अपेक्षित ■ शेष पृष्ठ 6 पर

यूरोप जा रहे 1300 प्रवासी समुद्र में फंसे

■ **बचाने इटली ने लॉन्च किया ऑपरेशन, कल ही 14 लोगों की मौत हुई थी**

रोम । अपना देश छोड़कर यूरोप पहुंचने के लिए रिफ्यूजी लगातार अपनी जान खतरे में डाल रहे हैं। पिछले महीने हुए हादसे के बाद एक बार फिर से खबर है कि इटली के कैलेब्रिया रीजन में 1300 रिफ्यूजी फंसे हुए हैं। जिन्हें बचाने के लिए इटली के कोस्ट गाड्र्स ने रेस्क्यू ऑपरेशन लॉन्च किया है। ये रिफ्यूजी अलग-अलग जगहों से यूरोप आने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि अभी तक ये नहीं पता चल पाया है कि ये किन देशों के हैं।

इटालियन कोस्ट गार्ड ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि ये ऑपरेशन काफी मुश्किल होने वाला है। क्योंकि, बचाए जाने वाले लोगों की तादाद काफी ज्यादा है जो बोट्स में जहां-तहां भटक रहे हैं। पहले 500 लोगों को बचाने के लिए कोस्ट गार्ड ने अपने वेसल्स को भेजा है।

इटली की नेवी से भी मदद मांगी गई ये 500 लोग एक बोट पर इटालियन पेनिनसुला से 1125 किलोमीटर की दूरी पर हैं। वहीं एक दूसरे वेसल से 800 लोगों को बचाया जाएगा जो दो अलग-अलग नावों में सवार हैं। 1300 लोगों को बचाने के लिए कोस्टगाड्र्स ने नेवी से भी मदद मांगी थी। जिसके बाद मिलिट्री शिप भी पूरी तेजी इन लोगों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

भारत पहली पारी में तीन विकेट खोकर बनाए 289 रन

■ **14 महीने और 15 पारियों के बाद कोहली की फिफ्टी, गिल ने जमाया साल का 5वां शतक**

अहमदाबाद। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट में भारत ने मजबूत शुरुआत की है। टीम ने पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया के 480 रनों के जवाब में तीन विकेट पर 289 रन बना लिए हैं, हालांकि टीम अब भी 191 रनों से पीछे है, लेकिन फॉलोऑन बचा लिया है। मुकाबले के तीसरे दिन शनिवार का खेल समाप्त होने के बाद विराट कोहली 59 और रवींद्र जडेजा 16 रन पर नाबाद लौटे। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत ने 36/0 से अपनी पारी को आगे बढ़ाया। शुभमन गिल (128 रन) ने शतक जमाया। उन्होंने इस साल का अपना 5वां इंटरनेशनल शतक बनाया है। गिल ने कप्तान रोहित शर्मा (35 रन), पुजारा (42 रन) और कोहली तीनों के साथ अर्धशतकीय साझेदारियां की। गिल के आउट होने के बाद कोहली ने कमान संभाली और अर्धशतक जमाया। उनके बल्ले से 14 महीने और 15 पारियों के बाद अर्धशतक आया है।

कर्नाटक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष ध्रुवनारायण का निधन

मैसूरु (वार्ता)। कर्नाटक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद आर ध्रुवनारायण का शनिवार सुबह निधन हो गया। श्री ध्रुवनारायण 61 वर्ष के थे। उन्हें सुबह करीब 6.40 बजे सीने में दर्द की शिकायत के बाद उनके ड्राइवर द्वारा डीआरएमएस अस्पताल लाया गया। उन्हें बचाया नहीं जा सका। डॉ. मंजूनाथ ने यहां मीडिया को बताया, आर ध्रुवनारायण का निधन हो गया। उन्हें सीने में दर्द की शिकायत के बाद ड्राइवर द्वारा सुबह 6.40 बजे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं सका।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज सोमप्पा बोम्मई ने ट्विटर पर कहा, पूर्व सांसद एवं कर्नाटक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष श्री ध्रुवनारायण का निधन बहुत दुखद है। उनकी आत्मा को शांति मिले और भगवान उनके प्रशंसकों और परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति दे। ओम शांति।

कांग्रेस-लेफ्ट के सांसदों पर त्रिपुरा में हमला, 3-4 गाड़ियों में तोड़फोड़

अगरतला। कांग्रेस और लेफ्ट सांसदों और विधायकों का एक दल त्रिपुरा में चुनाव के बाद हुई हिंसा की जांच करने के लिए पहुंचा था। सेपाहीजाला जिला में उनपर भी हमले की सूचना मिल रही है। पुलिस ने कहा है कि टीम पर अज्ञात बदमाशों ने हमला किया था। असम से आने वाले कांग्रेस सांसद अब्दुल खालिक ने आरोप लगाया है कि हमलावरों ने दावा किया कि वे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता थे और उनपर पथराव किया।

उन्होंने कहा, ''हमारे तीन-चार वाहनों में तोड़फोड़ की गई। पुलिस ने कुछ नहीं किया। इस घटना से लगा कि त्रिपुरा में कानून का कोई शासन नहीं है।''

सहायक महानिरीक्षक (लॉ एंड ऑर्डर) ज्योतिष्मान दास चौधरी ने बताया कि नेहलचंद्रनगर में हुए हमले में आठ सदस्यीय टीम में से कोई भी घायल नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, ''सांसदों, विधायकों और वाम दलों के स्थानीय नेताओं और कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज बिशालगढ़ के नेहलचंद्रनगर का दौरा किया। इसकी पहले जानकारी नहीं दी गई थी।

राकापा विधायक के यहां ईडी का छापा

मुंबई (वार्ता)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायक एवं पूर्व मंत्री हसन मुश्रीफ के महाराष्ट्र में कोल्हापुर के कागल स्थित आवास पर शनिवार को छापा मारा। श्री मुश्रीफ के आवास पर दो महीने में ईडी का यह तीसरा छापा है। पांच कारों में आए ईडी के अधिकारी आज सुबह सात बजे श्री मुश्रीफ के घर में दाखिल हुए। सूत्रों ने बताया कि पूर्व श्रम मंत्री एवं विधायक हसन मुश्रीफ दो महीने में तीसरी बार ईडी के रडार पर आये हैं। अब एक बार फिर ईडी श्री मुश्रीफ के कोल्हापुर स्थित घर पर छापे मार रहा है। ईडी चीनी फैक्टरियों के सिलसिले में कोल्हापुर और पुणे में तलाशी अभियान चला रहा है।

एजेंसी जनरल स्टाफसंताजी घोरपड़े फैक्टरी के 40 करोड़ के कथित गबन के मामले में श्री मुश्रीफकी जांच कर रही है। सूत्रों ने बताया कि कोल्हापुर डिस्ट्रिक्ट बैंक के कुछ खातों की भी जांच की जा रही है। इस बीच श्री मुश्रीफ के समर्थक जमा हो गये। उनके समर्थन में तमाम कार्यकर्ता सदन के बाहर जमा हो गए हैं।

समर्थकों ने कहा कि जनता के लिए काम करने वाले व्यक्ति को बेवजह परेशान किया जा रहा है। श्री मुश्रीफ के परिवार ने कहा कि जब ईडी के अधिकारियों ने घर पर छापा मारना शुरू किया तो वह घर में नहीं थे।

गरमा-गरम

संवेदनशील पहल... **बाल संप्रेक्षण गृह से बाहर जाने की आयु 18 वर्ष से बढ़ाकर 21 वर्ष करते हुये बनाई गई पुनर्वास योजना**

बाल देख-रेख संस्थाओं से बाहर जाने वाले बालक-बालिकाओं के पुनर्वास के लिए मुख्यमंत्री बाल उदय योजना होगी शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में संचालित बाल देख-रेख संस्थाओं से बाहर जाने वाले बालक-बालिकाओं के पुनर्वास के लिए इस साल बजट में बड़ा निर्णय लेते हुए उनके लिए मुख्यमंत्री बाल उदय योजना प्रारंभ करने की घोषणा की है। यह योजना प्रदेश के बाल गृहों से बाहर जाने वाले बच्चों के भावी जीवन के लिए सही राह दिखाकर उन्हें स्वावलंबन में मदद करेगी। इसके लिए बजट में 01 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही बाल संप्रेक्षण गृह से बाहर जाने की आयु 18 वर्ष से बढ़ाकर 21 वर्ष करते हुये पुनर्वास योजना बनाई गई है ।

योजना के तहत बाल देख-रेख संस्थाओं से बाहर जाने वाले 18 वर्ष से अधिक आयु के बालक-बालिकाओं को पुनर्वासित और पुनर्स्थापित करने के लिए राज्य सरकार सहयोग देगी। पहले पुनर्वास केंद्र से बाहर जाने वाले कई बच्चों के सामने आवास,रोजगार सहित समाज की मुख्यधारा में शामिल होकर आगे बढ़ने में कई तरह की दिक्कतें आती थी। इन परिस्थितियों में कई बार बच्चे अपराध की ओर भी अपने कदम बढ़ा लेते हैं। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इन बच्चों के लिए एक संवेदनशील पहल की है। मुख्यमंत्री श्री बघेल के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया के नेतृत्व में बाल गृह से बाहर जाने वाले बालक-बालिकाओं को पुनर्वासित और पुनर्स्थापित करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

पुनर्वास योजना में बालक-बालिकाओं को उच्च शिक्षा के लिए आवश्यक आर्थिक सहायता की व्यवस्था, रोजगार सुनिश्चितता, आवास सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा है कि ऐसे युवाओं के व्यावसायिक कौशल विकास की भी व्यवस्था हो, जिससे वे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सामाजिक परंपरा को दरकिनार करते हुए पांच बेटियों ने दी अपने पिता को मुखाग्नि

डभरा/नवप्रदेश। नवीन जिला सक्ती अंर्तगत डभरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत बाघौद में दिनांक 10/03/2023 को रात्रि विष्णु प्रसाद बंजारे जी का आकस्मिक निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार दिनाक 11/03/2023 को किया गया। आपको बता दे की विष्णु प्रसाद बंजारे सामाजिक कार्यकर्ता एवम श्री युद्धवीर सिंह जूदेव जी के पूर्व मीडिया प्रभारी भानू बंजारे के दादा है। चूंकि विष्णु प्रसाद बंजारे के कोई बेटा नही होने के कारण सामाजिक रीति रिवाज को दरकिनार करते हुए एवम् समाज के लोगो को समझाकर भानू बंजारे के द्वारा विष्णु प्रसाद बंजारे के पांचों बेटी क्रमश जयकुमारी, ललिता, फुलकुमारी, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जलवायु, स्वच्छता, प्रदूषण तथा वृक्ष सभी को मिलाकर बनता पर्यावरण

बढ़ती जनसंख्या और बड़ी-बड़ी इमारतों के कारण पर्यावरण की प्रकृति नष्ट हो रही

धरती पर स्वस्थ जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण पर्यावरण

सबसे ज्यादा जरूरत है पर्यावरण संकट के मुद्दे पर आम जनता और सुधी पाठकों को जागरूक करने की

हमारे चारों तरफका वह प्राकृतिक आवरण जो हमें सरलता पूर्वक जीवन यापन करने में सहायक होता है, पर्यावरण कहलाता है। पर्यावरण से हमें वह हर संसाधन उपलब्ध हो जाते हैं जो किसी सजीव प्राणी को जीने के लिए आवश्यक है। पर्यावरण ने हमें वायु, जल, खाद्य पदार्थ, अनुकूल वातावरण आदि उपहार स्वरूप भेंट दिया है। हम सभी ने हमेशा से पर्यावरण के संसाधनों का भरपूर इस्तेमाल किया है और आज हमारे इतना विकास कर पाने के पीछे भी पर्यावरण का एक प्रमुख योगदान रहा है। पर्यावरण में वह सभी प्राकृतिक संसाधन शामिल हैं जो कई तरीकों से हमारी मदद करते हैं तथा चारों ओर से हमें घेरे हुए हैं। यह हमें बढ़ने तथा विकसित होने का बेहतर माध्यम देता है, यह हमें वह सब कुछ प्रदान करता है जो इस ग्रह पर जीवन यापन करने हेतु आवश्यक है। हमारा पर्यावरण भी हमसे कुछ मदद की अपेक्षा रखता है जिससे की हमारा लालन पालन हो, हमारा जीवन बना रहे और कभी नष्ट न हो। तकनीकी आपदा के वजह से दिन प्रति दिन हम प्राकृतिक तत्व को अस्वीकार रहे हैं।

पर्यावरण सुरक्षा के उपाय

धरती पर रहने वाले सभी व्यक्ति द्वारा उठाए गए छोटे कदमों के माध्यम से हम बहुत ही आसान तरीके से पर्यावरण को सुरक्षित कर सकते हैं। हमें अपशिष्ट की मात्रा में कमी करना चाहिए तथा अपशिष्ट पदार्थ को वही फेकना चाहिए जहां उसका स्थान है। प्लास्टिक बैंग का उपयोग नही करना चाहिए तथा कुछ पुराने चीजों को फेकने के बजाय नये तरीके से उनका उपयोग करना चाहिए।

पर्यावरण संरक्षण

हम सभी को अपनी गलती में सुधार करना होगा तथा स्वार्थपरता त्याग कर पर्यावरण को प्रदूषण से सुरक्षित तथा स्वस्थ करना होगा। यह मानना कठिन है, परन्तु सत्य है की प्रत्येक व्यक्ति द्वारा उठाया गया छोटा सकारात्मक कदम बड़ा बदलाव कर सकता है तथा पर्यावरण गिरावट को रोक सकता है। वायु तथा जल प्रदूषण द्वारा विभिन्न प्रकार के रोग तथा विकार का जन्म होता है जो हमारे जीवन को खतरे में डालते हैं।

पर्यावरण की वास्तविकता

पृथ्वी पर जीवन बनाए रखने के लिए हमें पर्यावरण के वास्तविकता को बनाए रखना होगा। पूरे ब्रम्हांड में बस पृथ्वी पर ही जीवन है। वर्षो से प्रत्येक वर्ष 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए तथा साथ ही पर्यावरण स्वच्छता और सुरक्षा के लिए दुनिया भर में मनाया जाता है। पर्यावरण दिवस समारोह के विषय को जानने के लिए, हमारे पर्यावरण को किस प्रकार सुरक्षित रखा जाये।

पर्यावरण प्रदूषण

हमारा पर्यावरण धरती पर स्वस्थ जीवन को अस्तित्व में रखने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। फिर भी हमारा पर्यावरण दिन-प्रतिदिन मानव निर्मित तकनीक तथा आधुनिक युग के आधुनिकरण के वजह से नष्ट होता जा रहा है। सामाजिक, शारीरिक, आर्थिक, भावनात्मक तथा बौद्धिक रूप से पर्यावरण प्रदूषण हमारे दैनिक जीवन के विभिन्न पहलुओं को प्रभावित कर रहा है।

आज का पंचांग (रविवार 12 फरवरी)

	11	10 सूर्य-शुक्र-शनि	बुध-14 9
बृह 9	15 राहु	4	13-15 चन्द्र-केतु 8
14 मंगल	3	5	6

सूर्योदयः 06:40, सूर्यास्तः 06:21
चन्द्रोदयः 19:09, चन्द्रास्तः 07:09

अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतु : बसंत, शक सम्वतः 1944 (शुभकृत), विक्रम सम्वतः 2079 (नल), मास : चैत्र, पक्ष : कृष्ण, तिथि : पंचमी, नक्षत्र : स्वाति/विशाखा, योग : शूल (21:20 से गण्ड), प्रथम करण : बालव (06:58 तक), द्वितीय करण : कौलव (19:42 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कुम्भ, चंद्र : कन्या (08:53 से), मंगल : वृष (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध : कुम्भ (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मीन (उदित, पश्चिम), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मेष, केतु : तुला

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अमृत काल -20:33 से 22:17, सर्वार्थसिद्धि योग- 28:20 से 30:34, विजय मुहूर्त-14:25 से 15:12, गोधूलि मुहूर्त -18:18 से 18:42, सायाह्न सन्ध्या - 18:20 से 19:34, निशिता मुहूर्त - 24:03 से 24:52, राहुकाल -16:30से 18:00, राहुवास - दक्षिण-पश्चिम, यमगण्ड -08:04 से 09:32, होमाहुति -चन्द्र (28:20 से मंगल), दिशाशूल- उत्तर, नक्षत्र शूल- उत्तर (28:20 तक), अग्निवास- आकाश, चन्द्रवास -पूर्व (दक्षिण 08:54 से), शिववास- गौरी के साथ (19:42 से सभा में)

चौघड़िया विचार

॥ दिन का चौघड़िया ॥

1 - लाभ 2 - अमृत, 3 - काल 4 - शुभ, 5 - रोग 6 - उद्वेग, 7 - चर 8 - लाभ

॥रात्रि का चौघड़िया॥

1 - उद्वेग 2 - शुभ, 3 - अमृत 4 - चर, 5 - रोग 6 - काल, 7 - लाभ 8 - उद्वेग

नोटः दिन और रात्रि के चौघड़िया का आरंभ क्रमशः सूर्योदय और सूर्यास्त से होता है। प्रत्येक चौघड़िए की अवधि डेढ़ घंटा होती है।

शुभ यात्रा दिशा :दक्षिण-पूर्व (गुड़ अथवा दूध का सेवन कर यात्रा करें)

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण

आज जन्मे शिशुओ का नाम विशाखा नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (ती, तू, ते , तो) नामक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

उदय-लग्न मुहूर्त

कुम्भ - 29:32 से 06:58, मीन - 06:58 से 08:21, मेष - 08:21 से 09:55, वृषभ - 09:55 से 11:50, मिथुन - 11:50 से 14:05, कर्क - 14:05 से 16:26, सिंह - 16:26 से 18:45, कन्या - 18:45 से 21:03, तुला - 21:03 से 23:24, वृश्चिक - 23:24 से 25:43, धनु - 25:43 से 27:47, मकर - 27:47 से 29:28

पञ्चक रहित मुहूर्त

शुभ मुहूर्त - 06:36 से 06:58, रोग पञ्चक - 06:58 से 08:21, चोर पञ्चक - 08:21 से 09:55, शुभ मुहूर्त - 09:55 से 11:50, रोग पञ्चक - 11:50 से 14:05, शुभ मुहूर्त - 14:05 से 16:26, मृत्यु पञ्चक - 16:26 से 18:45, अग्नि पञ्चक - 18:45 से 19:42, शुभ मुहूर्त - 19:42 से 21:03, रज पञ्चक - 21:03 से 23:24, शुभ मुहूर्त - 23:24 से 25:43, चोर पञ्चक - 25:43 से 27:47, शुभ मुहूर्त - 27:47 से 28:20, रोग पञ्चक - 28:20 से 29:28, शुभ मुहूर्त - 29:28 से 30:34

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन पिछले कुछ दिनों की अपेक्षा दिनचर्या में सुधार लाएगा। फिर भी व्यर्थ की भागदौड़ लगी रहेगी।

वृष : आज का दिन राहत देने वाला रहेगा। कुछ समय से चल रही परेशानियों में कमी आएगी।

मिथुन :आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। आज ना चाहकर भी क्रोध के प्रसंग बनेंगे। स्वभाव में भी अहम् की भावना रहने से लोग आपसे दूरी बना सकते है।

कर्क : आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन भी शुभ रहेगा। कार्य व्यवसाय से कम समय में अधिक धन लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

सिंह : आज के दिन आशानुकूल धन लाभ ना होने पर भी आप संतोषी वृति रखेंगे। लेकिन आर्थिक कारणों से तकरार अथवा राग द्वेष हो सकता है।

कन्या : आपका आज का दिन सुख-शांति से व्यतीत होगा। दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी सामाजिक व्यवहारों के कारण भाग-दौड़ करनी पड़ेगी।

तुला : आज के दिन आप बोलचाल में विशेष सावधानी बरतें अधिक बोलने की प्रवृति सामाजिक एवं व्यापारिक क्षेत्र पर हानि करा सकती है।

वृश्चिक : आज भी दिन का पूर्वार्ध दुविधा में बीतेगा आयवश्यक कार्यो में सहकर्मियो एवं परिजनों से वैचारिक मतभेद रहने के कारण असमंजस की स्थिति बनेगी ।

धनु : आज के दिन आपकी दिनचर्या अस्त-व्यस्त रहेगी घर एवं व्यावसायिक क्षेत्र पर कामो की भरमार रहने के कारण शरीर की अनदेखी करेंगे।

मकर : आज का दिन आपके लिए कुछ विशेष नहीं रहेगा। धनाभाव के चलते कुछ कार्य बीच में छोड़ने पड़ेंगे। कार्य व्यवसाय में अपनी तरफ से कोई कमी नहीं रखेंगे।

कुंभ : आज का दिन कार्य व्यवसाय के लिए बेहतर सिद्ध होगा परन्तु स्वास्थ्य सम्बंधित शिकायते बाधक बन सकती है समय रहते शारीरिक परिक्षण कराये।

मीन : आज का दिन आपकी कल्पनाओं को साकार करने वाला रहेगा। नौकरी व्यवसाय में मन इच्छित परिस्थितियां मिलने पर जम कर लाभ उठाएंगे ।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मुस्कान सजी थी

मुस्कान सजी थी होठों पर, भीतर से कितने हम टूटे थे किससे, कैसे, क्या कह पाते कुछ खुद से ही हम रूठे थे जाने कैसे सिमट गई हो बातों से तुम यादों में सूना सा है तेरा अंगना तुम सिमटी तस्वीरों में आँसू तो अब सूख गये हैं पीर कही ना जाती है शूल चुभें हैं अंतस में तस्वीर सहेजे जाती हैं।

– **सुमन ओमानिया**

त्योहारों के बीत

त्योहारों के बीत जाने पर उत्पन्न हुआ खालीपन का स्वर त्योहार के दिन और उस से पहले के दिनों का उत्साह हर्ष-उल्लास तैयारियाँ, व्यस्तताएँ, ख़र्च, नफ़ा-नुकसान जैसी तमाम भरी-पूरी ध्वनियों पर लगा एक पूर्ण विराम है बाद जिसके, कुछ बाकी रह जाता है अगर तो वह है इधर-उधर मुँह ढाँपे पड़े घोर सन्नाटों के तीखे स्वर और एक लंबी थकान देह की कभी-कभी देह से अधिक मन की। – **आभा खरे**

खास पाती

स्त्री नदी होना चाहती थी

स्त्री नदी होना चाहती थी और नदी स्त्री। स्त्री के मन को मोहते थे नदी का प्रवाह, उसका विस्तार और उसकी स्वतंत्रता जबकि नदी स्त्री की तरह बंधनों में बंधना चाहती थी गृहस्थी बसाना चाहती थी दोनों ने बदल ली अपनी-अपनी जगह। स्त्री का दुःख देख नदी ने फिर नदी होना स्वीकार लिया। पर स्त्री नदी बनकर भी स्त्री ही रही अब स्त्री के अंदर बहने लगी नदी जिसमें ठहराव भी है और बहाव भी बंधन भी है और मुक्ति भी अब नदी बनी स्त्री समुद्र में जाकर विलीन नहीं होती बल्कि अब बहुत सारी नदियां मिलकर बनाती है समुद्र ताकि बचा रहे धरती पर जीवन और पानी का वजूद।– **सत्या शर्मा कीर्ति**

दिलों में बस जाए वो मोहब्बत

दिलों में बस जाए वो मोहब्बत हूँ, कभी बहिन, कभी ममता की मूरत हूँ। मेरे आँचल में हैं से चाँद सितारे, माँ के क़दमों में बसी एक जन्नत हूँ। हर दर्द-ओ-ग़म को छुपा लिया सीने में, लब पे ना आये कभी वो हसरत हूँ। मेरे होने से ही है यह कायनात जवान, ज़िन्दगी की बेहद हसीं हकीकत हूँ। हर रूप रंग में ढल कर सवर जाऊं, सब्र की मिसाल, हर रिश्ते की ताकत हूँ। अपने हौसले से तक़दीर को बदल दूँ, सुन ले ऐ दुनिया, हाँ मैं औरत हूँ। – **डॉ दुलारी चंद्राकर**

ज़ख़्म पे ज़ख़्म जो दिये चले

ज़ख़्म पे ज़ख़्म जो दिये चले जाते हो उनको सनम कभी कम न देना नश्तर पे नश्तर चुभोए जो दिल पे झूठे वायदों का मरहम न देना मुझे नींद देना तो पत्थर के बिस्तर पे सिरहाना कोई मुलायम न देना ये ज़रूर कहना के मैं हूं तुम्हारी तुम मेरे रहोगे, ये कसम न देना।

– **कविता माथुर**

बुलंदियों को छूने का ख़्वाब

बुलंदियों को छूने का ख़्वाब रखती हूँ। हर क्षेत्र में आगे बढ़ने जज्बात रखती हूँ। तिमिर को आलोक में बदलने की आस रखती हूं। हिम्मत को अपना साथी बना हर मंजिल को फतह करने का जज्बा रखती हूं। हाँ,नारी हूँ मैं लहरों सी हुंकार भरती हूँ। – **रेनू शब्द मुखर**

जब वादा किया था हम ने ताउम्र

जब वादा किया था हम ने ताउम्र साथ चलने का, क्या जरूरत आन पड़ी थी इस कदर मुकरने का। ऐसा सिर्फ मुझे लगता है या तुम्हें भी दुनियावालों, इंसा ने चुरा लिया है मौसम से कला बदलने का।

– **संजय सिंह राजपूत**

रहे न कोई भी शिकवा मलाल

रहे न कोई भी शिकवा मलाल होली में उडा फिज़ां में खुशी का गुलाल होली में। भुला के रंजिश-ए-दिल दिल से दिल मिला ले तू खिला गिलौरी है गुजिया कमाल होली में। कहीं पे छंद जमा फाग चौपई रसिया कहीं पे ढोल कहीं ढप की ताल होली में। सखी सखा हैं फुहारें हैं रंग ठिठोली भी कृष्ण औ राधे का दिखता जमाल होली में। तनुज मिठास की पुड़िया तू घोल कर दिल में कलम से हर्फ़-ए-मुहब्बत उछाल होली में। – **सतीश मैथिल तनुज**

नारी भी इंसान है उसे न समझो

नारी भी इंसान है, उसे न समझो चीज। छुपा सृष्टि सातत्य का,उसके अंदर बीज। उसके अंदर बीज,जन्म मानव को देती। बनती पालनहार,नहीं कुछ जग से लेती। त्याग समर्पण प्रेम,पुरुष पर पड़ते भारी। अपने रूप अनेक,दिखाती नर को नारी।।

– **डॉ.बिपिन पाण्डेय**

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता). 1609 अटलांटिक महासागर में स्थित बरमुडा द्वीप अंग्रेजों का उपनिवेश बना। 1734 साल्ज़बर्गर्स जॉर्जिया की ब्रिटिश कॉलोनी के सवाना नदी के पास पहुंचा। 1737 गैलीलियो का शरीर इटली के फ्लोरेंस में सांता क्रोस के चर्च में लाया गया। 1755 अमेरिका में भाप के पहले इंजन का इस्तेमाल खदान से पानी निकालने के लिए किया गया। 1755 अमेरिका में पहला भाप इंजन का निर्माण किया गया। 1864 अमेरिकी गृह युद्धः संघ की सेना ने लाल नदी अभियान की शुरुआत की, जिसमें एक भी उद्देश्य पूरी तरह से पूरा नहीं हुआ था। 1870 बल्गेरियाई एक्सार्चेट, जो अपने ऑटोसेफ़्ली से पहले बल्गेरियाई रूढ़िवादी चर्च का आधिकारिक नाम था, 1950 के दशक में अन्य रूढ़िवादी चर्चों द्वारा मान्यता प्राप्त थी, ओटोमन साम्राज्य के सुल्तान अब्दुलाज़िज़ के फरमान द्वारा स्थापित किया गया था। 1881 एंड्रयू वॉटसन ने स्कॉटलैंड की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम से अपनी शुरुआत की और दुनिया के पहले अश्वेत अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी बने। 1884 पहली महिला अमेरिकी राज्य कॉलेज की स्थापना मिसिसिपी की गयी।

QUIZ TIME

1) किस देश के इतिहास में पहली बार उसकी कुल जनसंख्या में महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक हो गयी है?
2) राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किस राज्य में संत कबीर अकादमी और अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन किया है?
3) किस राज्य सरकार ने दुग्ध उत्पादकों के लिए नंदिनी क्षीरा समृद्धि सहकारी बैंक की स्थापना की है?
4) तुर्की ने अपना नाम बदल लिया है और अब इसे किस नाम से जाना जाता है?
5) यूके संसद द्वारा किसे आयुर्वेद रत्न पुरस्कार दिया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) बांग्लादेश (2) उत्तरप्रदेश (3) कर्नाटक (4) तुर्किये (5) तनुजा नेसारी

प्रेरक प्रसंग : तेजस्वी बालक नरेंन्द्रनाथ'

स्वामी विवेकानंदजी जी को बचपन में सब लोग बिले नाम से पुकारते थे। बाद में नरेन्द्रनाथ दत्त कहलाये। नरेन्द्रनाथ बहुत उत्साही और तेजस्वी बालक थे। इस बालक को बचपन से ही संगीत, खेलकूद और मैदानी गतिविधियों में रुचि थी। नरेन्द्रनाथ बचपन से ही अध्यात्मिक प्रकृति के थे और यह खेल ‌ खेल में राम, सीता, शिव आदि मूर्तियों की पूजा करने में रम जाते थे। इनकी माँ इन्हें हमेशा रामायण व महाभारत की कहानियां सुनाती थी जिसे नरेन्द्रनाथ खूब चाव से सुनते थे।

एक बार बनारस में स्वामी विवेकानंद जी माँ दुर्गा जी के मंदिर से निकल रहे थे कि तभी वहां पहले से मौजूद बहुत सारे बंदरों ने उन्हें घेर लिया। वे उनसे प्रसाद छिनने के लिए उनके नजदीक आने लगे। अपने तरफ आते देख कर स्वामी स्वामी जी बहुत भयभीत हो गए। खुद को बचाने के लिए भागने लगे। पर वे बंदर तो पीछा छोड़ने को तैयार ही नहीं थे।

पास में खड़ा एक वृद्ध संयासी ये सब देख रहा था, उन्होंने स्वामी जी को रोका और कहा ‌ रुको ! डरो मत, उनका सामना करो और देखों कि क्या होता है। बृद्ध संयासी की बात सुनकर स्वामी जी में हिम्मत आ गई और तुरंत पलटे और बंदरों की तरफबढ़ने लगे। तब उनके आश्चर्य का ठिकाना न रहा जब उनके सामना करने पर सभी बंदर भाग खड़े हुए थे। इस सलाह के लिए स्वामी जी ने बृद्ध संयासी को बहुत धन्यवाद दिया।

इस घटना से स्वामी जी को एक गंभीर शिक्षा मिली और कई सालों बाद उन्होंने एक सभा में इस घटना का जिक्र किया और कहा ‌ यदि तुम कभी किसी चीज से भयभीत हो, तो उससे भागों मत, पलटो और सामना करों। वास्तव में, यदि हम अपने जीवन में आये समस्याओं का सामना करे तो यकीन मानिए बहुत सी समस्याओं का समाधान हो जायेगा।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -365

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिड़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाश ढकने का कपड़ा 13. पिता, वलर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भाता 22. मेघ, जलद, नीरद।

ऊपर से नीचे
1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 364 का हल

पं	क्ति	■	स्वा	द	■	स	ब	ब
जा	■	सु	हा	ना	■	■	ली	द
ब	हु	धा	■	द	ल	ना	■	ल
■	■	क	मा	न	■	ग	ह	ना
भं	व	र	■	■	■	वा	म	■
गी	त	■	म	ज	बू	र	■	ट
■	न	म	स्का	र	■	■	■	र
■	■	याँ	■	■	बी	■	ना	का
सं	वि	दा	■	ब	स	च	ल	ना

न्यूज गैलरी

भ्रष्टाचारियों के समर्थन में सत्ता के दुरुपयोग की सारी हदें पार : म्हस्के

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा प्रवक्ता दीपक म्हस्के ने प्रवर्तन निदेशालय के सामने आए दिन सड़क यातायात बाधित कर कांग्रेस द्वारा ढ़ोल ढमाके डीजे के साथ प्रदर्शन करने पर सवाल खड़े करते हुए कहा है कि क्या छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार ने दोहरे नियम कायदे बना रखे हैं जो सड़क जाम का बहाना बनाकर जनता और कर्मचारियों को शहर में धरना स्थल से हटाकर सुनसान स्थान पर प्रदर्शन करने बाध्य किया जाता है और कांग्रेस के लोगों को यातायात व्यवस्था चौपट कर ईडी दफ्तर के सामने सड़क पर भ्रष्टाचारियों के समर्थन में नौटंकी करने की छूट दे रखी है। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता दीपक म्हस्के ने कहा कि ईडी दफ्तर के सामने सड़क पर तमाशा करने की शुरुआत जब मुख्यमंत्री ने ही की हो, तब उनके संरक्षण में छत्तीसगढ़ को लूटने वाले भ्रष्टाचारियों के समर्थन में कांग्रेसियों को उत्पात मचाने से कौन रोक सकता है। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता दीपक म्हस्के ने कहा कि जब भी ईडी किसी भ्रष्टाचारी को पूछताछ के लिए दफ्तर बुलाती है, भ्रष्टाचार के नरवा में लोटने वाले कांग्रेसी सड़क पर अपना सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू कर लेते हैं। जनता इनके कार्यक्रम से तंग आ गई है। वह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से जानना चाहती है कि ईडी का दफ्तर शहर से बाहर जाना चाहिए या उसके कार्य में बाधा उत्पन्न करने के साथ ही जनता को हलाकान करने वाले कांग्रेसियों को अंदर भेजा जाना चाहिए। छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था नाम की कोई व्यवस्था ही नहीं बची है। जनता देख रही है कि सत्ता के दुरुपयोग की सारी हदें पार कर दी गई हैं।

रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में डॉ. बबलेश महावर द्वारा पेन क्लिनिक वर्कशाप 14 को

रायपुर/नवप्रदेश। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल, रायपुर अत्याधुनिक चिकित्सा व सर्जरी सुविधाओं के लिये पूरे मध्यभारत मे ख्याति प्राप्त है।

इसके विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम, समय-समय पर, क्षेत्र के मरीजों को सुविधा देने, चिकित्सा शिविर का आयोजन करती रही है। इससे सैकड़ो मरीजों को अपने निकट ही चिकित्सा परामर्श का लाभ मिल जाता है। इसी क्रम मे, हास्पिटल की पेन व पेलेटिव केयर स्पेशलिस्ट डॉ. बबलेश महावर, द्वारा 14 मार्च 2023, प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक पेन क्लिनिक, (ओपीडी-36) सी ब्लाक में पेनक्लिनिक वर्कशाप का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्कशाप में, घुटनों का दर्द, कंधे का दर्द, मिनिस्कस एवं लिगामेंट फटना, रोटेटर कफ इंज्युरी, टेनिस एल्बो, रेट्रो कल्केनियल बर्साइटिस, प्लेंटर फासिसाइटिस और शोल्डर इम्पिंजमेंट आदि समस्या से ग्रस्त मरीजों को परामर्श व इलाज किया जायेगा। इस वर्कशाप की प्रमुख विशेषता यह है कि रिजनेरेटिव / प्रोलोथेरपी से, मरीजो को प्राकृतिक तरीके से हीलिंग कर, उपरोक्त सभी प्रकार के दर्दों से निजात दिलाने हेतु इलाज व परामर्श दिया जायेगा।

हज 2023 के आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 मार्च तक बढ़ी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मोहम्मद असलम खान ने बताया कि हज कमेटी ऑफ़ इंडिया मुंबई के सर्कुलर 4 से प्राप्त सूचना अनुसार हज 2023 के लिए ऑनलाइन हज आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। हज पर जाने के लिए आवेदन की तिथि अब 20 मार्च 2023 को संध्या 05 बजे तक निर्धारित किया गया है। पूर्व में यह तिथि 10 मार्च तक निर्धारित थी।

चेयरमैन मोहम्मद असलम खान ने बताया कि आवेदकों के पास अब 20 मार्च 2023 या उससे पूर्व जारी किया हुआ एवं 03 फरवरी 2024 तक की वैधता युक्त पासपोर्ट होना लाज़मी है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी रायपुर के दूरभाष क्रमांक +91-0771-4266646 पर संपर्क किया जा सकता है।

13 को कांग्रेस करेगी राजभवन का मार्च

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा सरकार की अडानी के पक्ष में कोनी कैपिटलिज्म नीति के कारण देश का नुकसान हो रहा है। गहरे आर्थिक संकट के समय भाजपा की मोदी सरकार देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को अडानी समूह को बेच रही है और एसबीआई व एलआईसी जैसी सार्वजनिक संस्थाओं को अडानी समूह में निवेश करने को मजबूर कर रही है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के भारतीयों की करोड़ो की बचत जोखिम में है, जिसके खिलाफ देशभर में कांग्रेस पार्टी द्वारा चरणबध्द आंदोलन चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 13 मार्च 2023 को दोपहर 12 बजे अम्बेडकर चौक, रायपुर में प्रदेश कांग्रेस द्वारा राजभवन मार्च का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन, एआईससी के प्रदेश प्रभारी सचिवद्वय डॉ. चंदन यादव, सप्तगिरी शंकर उल्का, संयुक्त सचिव विजय जांगिड़ सहित प्रदेश के वरिष्ठ नेतागण विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

मठपुरैना शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र

रायपुर/नवप्रदेश। उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा और मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने वाले रायपुर के मठपुरैना शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम ने विगत दिसम्बर माह में इस यूपीएचसी का निरीक्षण कर मरीजों के लिए उपलब्ध सेवाओं की गुणवत्ता का परीक्षण किया था। टीम ने इस संबंध में मरीजों से भी फीडबैक लिया था। स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम के मूल्यांकन में मठपुरैना शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को 93 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम ने मठपुरैना यूपीएचसी के निरीक्षण के दौरान ड्रेसिंग रूम व इमरजेंसी, टीकाकरण, संचारी रोग, आउटरीच, फॉर्मेसी, लैब, सामान्य प्रशासन, गैर-संचारी रोग, परिवार नियोजन, नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य, मातृत्व स्वास्थ्य और जनरल क्लिनिक जैसी सेवाओं का मूल्यांकन किया था। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्रदान करने के पूर्व विशेषज्ञों की टीम द्वारा अस्पताल की सेवाओं और संतुष्टि स्तर का आठ मानकों पर परीक्षण किया जाता है। इनमें उपलब्ध सेवाएं, मरीजों के अधिकार, इनपुट, सपोर्ट सर्विसेस, क्लिनिकल सर्विसेस, इन्फेक्शन कंट्रोल, गुणवत्ता प्रबंधन और आउटकम जैसे पैरामीटर शामिल हैं। इन कड़े मानकों पर खरा उतरने वाले अस्पतालों को ही केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गुणवत्ता प्रमाण-पत्र जारी किए जाते हैं।

किराएदार युवक की मिली लाश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के राजेंद्र नगर स्थित जनता क्वाटर में एक युवक की संदिग्ध अवस्था में लाश मिली है। गुरुवार रात से दरवाजा बंद होने पर मकान मालिक ने पुलिस को इसकी सूचना दी। मृतक की पहचान राजकुमार अग्रवाल निवासी चंद्रखुरी के रूप में हुई है। मामला राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि, मृतक युवक अक्टूबर 2022 से यहां किराये पर रहता था। वह पंडरी स्थित हीरो मोटरसाइकिल एजेंसी में वर्कशाप मैनेजर के पद पर काम करता था। युवक शराब पीने का आदी था। वह पिछले 20 दिनों से काम पर नहीं जा रहा था। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई है।

छत्तीसगढ़ पर अब बात होती है तो सांस्कृतिक विशिष्टताओं पर चर्चा होती है, प्रधानमंत्री ने फाग गीतों पर चर्चा की

रायपुर/नवप्रदेश। पहले छत्तीसगढ़ की पहचान नक्सलवाद को लेकर थी। अब देश में छत्तीसगढ़ की बात होती है तो सांस्कृतिक विशिष्टताओं को लेकर बात होती है। प्रधानमंत्री जी से दिल्ली में मुलाकात हुई। उन्होंने मुझसे यहां होली के मौके पर गाये जाने वाले फाग के बारे में पूछा। उन्हें मैने फाग गीत सुनाए। छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति पर चर्चा हुई। यह बात मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने दुर्ग जिले के पाटन में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज के 77वें दो दिवसीय महा अधिवेशन के अवसर पर अपने सम्बोधन में कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में सामाजिक सम्मेलन हो रहे हैं। इनमें सामाजिक कार्य के लिए भूमि और भवन की मांग होती रहती है। समाज के बढ़िया संचालन के लिए यह जरूरी है। हमने पूरे भेंट मुलाकात अभियान के दौरान सामाजिकजनों को जमीन उपलब्ध कराने के निर्देश

दिए हैं और सामाजिक भवनों को यह भूमि रियायती दर में उपलब्ध कराई जा रही है। जहां जमीन है वहां भवन के लिए राशि दी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा काम किया है। आज शिक्षित होना तो आवश्यक है ही, प्रतिस्पर्धा में टिके रहने के लिए शिक्षा की ठोस व्यवस्था और गुणवत्तापूर्ण व्यवस्था आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने अच्छी अंग्रेजी जरूरी है, इसके लिए हमने स्वामी आत्मानंद स्कूल आरम्भ किए। इस बार इंग्लिश मीडियम स्कूल के लिए 800 करोड़ रुपये रखे गये हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भी अब अंग्रेजी शिक्षा का लाभ मिल रहा है।

रायपुर के कोटा में 29 वें निः शुल्क नियमित योगाभ्यास केन्द्र का शुभारंभ

- **रायपुर के कोटा में 29 वें निः शुल्क नियमित योगाभ्यास**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ योग आयोग के द्वारा आज नियमित योगाभ्यास कार्यक्रम के अंतर्गत रामकृष्ण परमहंस वार्ड के टीचर्स कॉलोनी गार्डन, कोटा में 29वें निःशुल्क नियमित योगाभ्यास केन्द्र शुरू किया गया। इस अवसर पर संसदीय सचिव श्री विकास उपाध्याय, योग आयोग के अध्यक्ष श्री ज्ञानेश शर्मा और वार्ड पार्षद श्रीकुमार मेनन भी उपस्थित थे। इस योगाभ्यास केंद्र का संचालन योग प्रशिक्षक श्रीमती सुषमा ऊके द्वारा प्रतिदिन सुबह 6 से 7 बजे तक किया जाएगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री विकास उपाध्याय ने कहा कि श्री ज्ञानेश शर्मा के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ योग आयोग रायपुर शहर के साथ-साथ राज्य भर में योग गतिविधियों का संचालन कर रहा है, जिससे निश्चित ही लोगों को योग के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। योग आयोग के अध्यक्ष श्री ज्ञानेश शर्मा ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दिनचर्या में नियमित योग को शामिल करने से स्वास्थ्य लाभ के साथ परिवार में सकारात्मक वातावरण निर्मित होगा। बच्चों के व्यक्तित्व का विकास भी होगा।

इस अवसर पर विशेष अतिथि के रुप में वार्ड पार्षद श्री कुमार मेनन, श्री श्याम सुंदर रैदास सहायक संचालक, श्री रविकांत कुम्भकार प्रभारी अधिकारी, श्री सतीश अग्निहोत्री संरक्षक एक्स आर्मी फाउंडेशन, कैप्टन विरेन्द्र चौहान महासचिव, श्री दिनेश मिश्रा, योग साधक श्री छबिराम साहू, सुषमा ऊके, प्रियंका साहू सहित वार्ड तथा कॉलोनी के गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे।

बस्तर के लोगों को ठगने केंद्रीय मंत्री दौरे पर आ रहे : कांग्रेस

- **4 साल में कांग्रेस सरकार के प्रयासों के कारण ही केंद्रीय मंत्री सड़क मार्ग से दौरा कर रहें**

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय राज्य मंत्री विश्वेश्वर टुडू के बस्तर प्रवास पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपा बस्तर के लोगों को ठगने के लिये केंद्रीय मंत्रियों का दौरा कार्यक्रम बस्तर में बनाती है लेकिन यह मंत्री बस्तर के विकास के लिये कोई योजना लेकर बस्तर नहीं आते। एक दर्जन से अधिक केंद्रीय मंत्री बस्तर आ चुके है लेकिन किसी ने 1 रू. की भी केंद्रीय सहायता बस्तर में नहीं किया है। 15 सालो तक राज्य में भाजपा की सरकार थी तब भी बस्तर की उपेक्षा की गयी। आज जब केंद्र में भाजपा की सरकार है तब भी बस्तर के विकास के लिये केंद्र सरकार उदासीन है। भाजपा आदिवासी समाज को सिर्फ वोट

लेने के लिये इस्तेमाल करना चाह रही लेकिन बस्तर के लोग जागरूक है, भाजपा के चाल में नहीं आने वाले। केंद्रीय मंत्री बस्तर में सड़क मार्ग से दौरा करने का साहस जुटा पाये है तो यह भूपेश सरकार के कारण ही संभव हो पाया है। 4 साल के कांग्रेस सरकार के राज में शांति के साथ सड़क मार्गो की बहाली हुई है। वर्षो से लंबित सड़को को बनाया गया तब ही टुडू जी निर्भीक होकर दौरा कर रहे है।

पीएम आवास पर भाजपा के झूठ को कांग्रेस बेनकाब करने जनता के बीच जायेगी

- **मोदी सरकार देश भर में प्रधानमंत्री आवास योजना बंद करने का षड़यंत्र कर रही**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास पर भाजपा के झूठ को बेनकाब करने कांग्रेस जनता के बीच जायेगी। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मोदी सरकार देश भर में प्रधानमंत्री आवास योजना को बंद करने का षड़यंत्र रच रही है। छत्तीसगढ़ में भाजपा के नेता प्रधानमंत्री आवास पर झूठ और भ्रम फैलाने की राजनीति कर रहे है। छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार प्रधानमंत्री आवास पर हितग्राहियों के मांग के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित कर उसको पूरा कर रही है। भाजपा गलत आंकड़े प्रस्तुत कर झूठ की राजनीति कर रही है। इसीलिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने निर्णय लिया है कि आवासहीनों का सर्वे करवा कर सभी पात्र हितग्राहियों को कांग्रेस सरकार मकान देगी। भाजपा के झूठ को बेनकाब करने कांग्रेस जनता के बीच भी जायेगी।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि वर्तमान में राज्य में ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास के काम प्रगति पर है। मुद्दाविहीन भाजपा आम जनता से गलत फार्म भरवा कर लोगों को दिग्भ्रमित करने का काम कर रही है। प्रदेश में कुल शहरी और ग्रामीण मिलाकर कांग्रेस सरकार बनने के बाद 1,304,000 (तेरह लाख चार हजार) आवास स्वीकृत हुये है। प्रदेश में 10.57 लाख ग्रामीण क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास की मंजूरी हुई जिसमें 8.41 लाख आवास पूर्ण हो चुके है, शेष में कार्य प्रगति पर है। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में लगने वाली राज्यांश का पूर्ण भुगतान किया जा चुका है। इसी प्रकार शहरी क्षेत्र में 2 लाख 69 हजार मकान स्वीकृत हुये।

बेरोजगारी भत्ते के नाम पर बेरोजगारों का मखौल उड़ा रही है कांग्रेस : बृजमोहन

- **नियम व शर्तों की आड़ लेकर बेरोजगारों को झुनझुना थमाने की तैयारी में कांग्रेस सरकार**
- **बेरोजगारी भत्ता के लिए कांग्रेस ने बेरोजगारों की परिभाषा ही बदल दी - बृजमोहन अग्रवाल**

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा पूर्व मंत्री व विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस ने अपने जन घोषणा पत्र में 10 लाख बेरोजगार युवाओं को ढाई हजार रुपए प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही थी। आज 51 माह बीतने के बावजूद उन्होंने युवाओं को बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया।

विगत दिनों कांग्रेस सरकार के मंत्री उमेश पटेल ने विधानसभा में बताया कि प्रदेश में 18 लाख 80 हज़ार पंजीकृत बेरोजगार हैं, परन्तु भूपेश सरकार ने बजट में 2 वर्ष के लिए बेरोजगारी भत्ता हेतु 250 करोड रुपए की व्यवस्था की है।

कांग्रेस के जन् घोषणा पत्र में किए वादे के अनुसार यह तो मात्र 1 माह का ही बेरोजगारी भत्ता होता है। तो क्या यह सरकार केवल एक माह का बेरोजगारी भत्ता देकर अपने कर्तव्य से इतिश्री समझ रही है।

पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा की बजट में बेरोजगारी भत्ता देने की जो घोषणा भूपेश बघेल सरकार ने किए हैं वह बचे हुए 6 माह में ना तो इनकी औपचारिकता पूर्ण कर पाएंगे और ना कोई नियम और कानून ही बना पाएंगे। उन्होंने कहा कि यह सरकार बेरोजगारी भत्ता न देना पड़े इसलिए नए नियम कानून स्वयं बना रही है प्रति परिवार छह लाख से नीचे की आय को गरीबी रेखा की आय मानी जाती है परंतु उन्होंने बेरोजगारी भत्ता में ढाई लाख की सीमा निर्धारित करके बेरोजगारों की परिभाषा ही बदल दी है। उन्होंने कहा कि यह केवल लोगों को ठगने की घोषणा है।

राजधानी में चलती कार में लगी आग, पति-पत्नी व एक बच्चा था सवार

रायपुर। राजधानी से लगे अभनपुर इलाके में चलती कार में अचानक आग लग गई। कार में पति-पत्नी और उनका लगभग दो साल का बच्चा सवार था। बताया जा रहा है कि अचानक कार के सामने तरफ से धुआं उठता देखने पर दंपति कार रोककर नीचे उतर गए और अपनी जान बचाई। देखते ही देखते कार में भीषण आग लग गई। पति पत्नी ने समझदारी दिखाई जिससे परिवार की जान बाल-बाल बच गई।

मिली जानकारी के अनुसार राजधानी रायपुर में यह हादसा शुक्रवार दोपहर बाद की बताई जा रही है। पति-पत्नी व उनका दो साल का बच्चा जा रहे थे। अचानक कार से धुआं उठने लगा। इससे पहले की कुछ होता पति ने कार रोकी और पत्नी व बच्चे को उतार कर दूर चला गया।

अतुल सिंह ने 16 अलग-अलग राज्यों में किया रक्तदान

रायपुर/नवप्रदेश। 27 वर्षीय नोएडा निवासी अतुल सिंह ने रायपुर स्थित जयदीप ब्लड बैंक (छत्तीसगढ़) में आकर अपना 27 वां रक्तदान किया। रायपुर (छत्तीसगढ़) अतुल सिंह के लिए 17 वां राज्य है, जहाँ इन्होंने अपना रक्तदान किया है। इससे पहले अतुल सिंह 16 अलग-अलग राज्यों में रक्तदान कर चुके हैं। अतुल सिंह के अनुसार कई बार लोग सिर्फ यह कहकर रक्तदान करने से मना कर देते हैं की ब्लड बैंक उनके घर से 5 या 10 किमी दूर है। लोगों मे इस तरह की भावना को दूर करने के लिए मैंने यह संकल्प लिया कि, अलग-अलग राज्य में जाकर रक्तदान करूंगा, ताकि लोग प्रेरित हो सके।

अतुल सिंह अपना अगला रक्तदान 14 जून, 2023 को कोलकाता मे करेंगे । जो की उनका 18 वां राज्य होगा। आज का यह रक्तदान छत्तीसगढ़ ब्लड डोनर फाउंडेशन के सहयोग से हुआ, पूरे ग्रुप के सदस्यों ने अतुल जी को इस मुहिम के लिये बधाई एवं शुभकामनाएं दी। रक्तदान पश्चात प्रमाण पत्र एवं एक उपहार प्रदान किया। फाउंडेशन के सदस्य विवेक कुमार साहू, विकास जायसवाल, चंदू , श्रद्धा, रितेश , राज सहित ब्लड बैंक स्टाफ प्रीति, धनेश्वरी, आदित्य, हेमंत, दिलेश्वर, भूपेंद्र उपस्थित रह कर के रक्तदान करया।

भाजपा ने अनुसूचित जाति मोर्चा में किया बदलाव

- **संभाग प्रभारी और सह प्रभारियों की जारी की लिस्ट**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। चुनाव को ध्यान में रखते हुए राजनीतिक दलों में बदलाव का दौर जारी है। भारतीय जनता पार्टी भी पार्टी को मतबूत करने के लिए नई टीम तैयार कर रही है।

इसी क्रम में भाजपा ने आज अनुसूचित जाति मोर्चा में बदलाव किया है। पार्टी ने संभाग के प्रभारी और सह प्रभारियों की लिस्ट जारी की है। इसके अलावा पार्टी ने अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला प्रभारी और सह प्रभारियों की लिस्ट भी जारी की है, जिसमें जिला प्रभारी और सह प्रभारियों के 70 पदाधिकारियों को मौका मिला है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव और प्रदेश महामंत्री पवन साय की मंजूरी के बाद अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कंडेय ने यह लिस्ट जारी की है। जारी लिस्ट के अनुसार वेदराम जांगड़े को रायपुर संभाग का प्रभारी, दयावंत धर बांधे को बिलासपुर, आत्माराम बंजारे को दुर्ग, दुर्गा महेश्वर को सरगुजा, विनोद खांडेकर को बस्तर का प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है।

इन्हें मिली संभाग के सह प्रभारी की जिम्मेदारी

पार्टी ने अश्वनी टंडन को रायपुर संभाग का सह प्रभारी, संतोष मारकडेय को बिलासपुर, हरिनाथ खुंटे को दुर्ग, ओमेश जिभेकर को सरगुजा, खेमराज बाकर को बस्तर संभाग का सह प्रभारी बनाया गया है।

महालेखाकार एवं खेलो इंडिया के मध्य रोमांचक प्रदर्शन

रायपुर/नवप्रदेश। कार्यालय प्रधान महालेखाकार राजस्थान जयपुर द्वारा पश्चिमी क्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता 2022-23 का आयोजन दिनांक 15-3-2023 से 16-3-2023 तक जयपुर राजस्थान मे आयोजित किया जाना है। प्रधान महालेखाकार रायपुर छत्तीसगढ़ की हॉकी टीम ने प्रतियोगिता में भाग लेने के पूर्व राजनांदगांव की खेलो इंडिया हॉकी टीम के साथ दिनांक 10-3-23 से 11-3-23 तक प्रदर्शन मैच खेला। दो दिवसीय मैच के श्रृंखला को महालेखाकर ने टीम ने अपने नाम कर आगामी प्रतियोगिता हेतु टीम एकजुटता एवं आत्मविश्वास बढ़ाया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, जिला हॉकी संघ राजनांदगांव

के सचिव शिवनारायण धकेता, भूषण साव, अनुराज श्रीवास्तव, वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी अजय झा,प्रकाश शर्मा, गुणवंत पटेल, सचिन खोबरागड़े, शकील अहमद, कृष्णा यादव, अभिनव मिश्रा, कार्तिक यादव, सुखदेव निर्मलकर तौफीक अहमद, हारून खान, तरुण यादव एवं उपस्थित अन्य खिलाड़ियों ने आगामी प्रतियोगिता मे भाग लेने के लिए महालेखाकार टीम को शुभकामनाएं दी।

न्यूज गैलरी

पंचायत निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाले जिले के 16 सचिव निलंबित

कांकेर/नवप्रदेश। सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाले ग्राम पंचायत सचिवों को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। जनपद पंचायत कांकेर अंतर्गत ग्राम पंचायत मुरागांव के सचिव शिवराम दर्रो, ईरादाह के सचिव महेश मंडावी,कुरिछिकुर के सचिव डॉ.प्रसाद प्रधान को निलंबित किया गया है। इसी प्रकार जनपद पंचायत अंतागढ़ के ग्राम पंचायत अर्रा के सचिव पन्नालाल नेताम, हिन्दूबिनापाल के सचिव नरेश कुमार दुग्गा, बड़ेपिंजोड़ी के सचिव जागेश्वर बघेल, टिमनार के सचिव धरमुराम बघेल, गोड़बिनापाल के सचिव तुलाराम मरकाम, मासबरस के सचिव पीताम्बर नाग, कानागांव के सचिव राजेन्द्र साहू, हिमोड़ा के सचिव बृजलाल कावड़े तथा दुर्गुकोंदल जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत गोड़पाल के सचिव दस्सूराम मंडावी, बरहेली के सचिव प्रेमसिंह नाग, कोदापाखा के सचिव कृपाराम बघेल, पचांगी के सचिव रमेश कुमार हिड़को, ओटेकसा के सचिव सहदेव नरेटी, गुदुम के सचिव जगदेव पांडे, सिवनी के सचिव प्रेमलता हुर्रा और जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के ग्राम पंचायत चांदीपुर के सचिव दीपक सरकार को निलंबित किया गया है। संबंधित सचिवों को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

कक्षा 10 वीं गणित विषय की परीक्षा संपन्न

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आज आयोजित हाई स्कूल परीक्षा 2022-23 अंतर्गत कक्षा 10 वीं के गणित विषय की परीक्षा सुचारू रूप से संचालित हुई। परीक्षा में कुल 15 हजार 978 परीक्षार्थी उपस्थित और 573 अनुपस्थित रहें। परीक्षा में आज एक भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुआ है।

महिला दिवस संगोष्ठी कार्यक्रम संपन्न

चिरिमिरी/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बेटी बचाओ मंच की ओर से महिलाओं को आरक्षण की नहीं सम्मान की

आवश्यकता है विषय पर संगोष्ठी का कार्यक्रम आत्मानंद स्कूल गोदरीपारा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रूप में नगर निगम चिरमिरी कि सभापतिकी सभापति गायत्री बिरहा ,शासकीय लाहिड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य रामकिंकर पांडे, आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य डी. के. उपाध्याय जी, डीएवी स्कूल के अश्वनी पांडे, सेंट्रल स्कूल से विनीता पांडे, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की आशा गुल करी, मुनमुन जैन जी उपस्थित रहे अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर एवं श्रीफल देकर बेटी बचाओ मंच के सदस्यों के द्वारा किया गया बेटी बचाओ मंच की जिला अध्यक्ष मिथिलेश पाराशर जी के द्वारा मंच की गतिविधियों की जानकारी दी गई बेटी बचाओ मंच के अध्यक्ष नीलम राय जी के द्वारा स्वागत भाषण दिया गया आज के इस कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों मंच के सभी पदाधिकारियों के द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम का समापन बेटी बचाओ मंच की बचाओ सचिव रश्मि बधावन जी के द्वारा किया गया मंच का संचालन प्रचार प्रसार सचिव रविंदर कौर के द्वारा किया गया।

गुमशुदा की तलाश

सूरजपुर/नवप्रदेश। दिनेश कुमार आ. पंचराम श्याम उम्र 28 वर्ष पता ग्राम रामानुजनगर थाना रामानुजनगर जिला सूरजपुर का निवासी है, जो 22 फरवरी 2023 को शाम करीब 03:00 बजे घर से बिना बताए कहीं

चला गया है। जो आज दिनांक तक घर वापस नहीं आया है। जिसका हुलिया रंग सांवला, उंचाई 05 फीट 02 इचं, चेहरा गोल, बाल काला छोटा, शरीर इकहरा बदन, जिसकी बोली हिन्दी, सरगुजिहा है। पहनावा गुलाबी रंग का फुल शर्ट एवं नीला लोवर पहना है। आस पड़ोस एवं रिश्तेदारी में पता तलाश किया गया लेकिन उसका कोई पता नहीं चला है। सूचक की रिपोर्ट पर सूरजपुर थाना में गुम इंसान कायम कर पतासाजी में लिया गया है। संबंधित की जानकारी मिलने पर आप अपने अधिकार क्षेत्रांतर्गत में पतासाजी करें। जानकारी मिलने पर थाना रामानुजनगर, पुलिस नियंत्रण कक्ष सूरजपुर या पुलिस अधीक्षक कार्यालय सूरजपुर को क्रमशः 9479193916, 07775-266501, 07775-266579 इन नम्बरों पर सम्पर्क कर सूचित करें।

प्रस्तावित रिंग रोड पर आम जनता से राय मशवरा आवश्यक : व्यापारी संघ

रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ में रिंग रोड का मसौदा शासन द्वारा स्वीकृत किए जाने की खबर समाचार पत्रों और विभिन्न न्यूज़ वेबसाइट के माध्यम से पता चली है। रायगढ़ व्यापारी संघ इसके लिए शासन का धन्यवाद ज्ञापित करता है और इस प्रस्ताव का स्वागत करता है। साथ ही शासन से यह मांग करता है कि इस प्रस्तावित रिंग रोड को अंतिम रूप

भाटापारा/नवप्रदेश। मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने भूपेश सरकार के द्वारा प्रस्तुत बजट को छत्तीसगढ़ राज्य के सर्वहारा वर्ग के विकास और उत्थान करने वाला ऐतिहासिक बजट बताते हुये कहा की किसान का बेटा जब मुख्यमंत्री बनकर जंन कल्यानकारी योजनाये बनाता है तब सभी के हितों का ध्यान रखा जाता है, भूपेश सरकार की नरवा, गरवा, घुरवा, बारी जैसी योजना का पूरे देश में डंका बज रहा है, आज किसानों और गरीबों के बच्चों के लिये आत्मानंद अंग्रेज़ी माध्यम स्कूल का निर्माण, ग्रामीण आवास हेतु 3238 करोड़ रुपये, प्रदेश में खेती का रक़बा बड़ा, धान की ख़रीदी बड़ी और धान बेचने वालों किसानो की संख्या 23 लाख 45 हज़ार हो गई, शिक्षित बेरोज़गारों को 2500 रुपया प्रतिमह, निराश्रित, वृद्ध, विधवा, परित्यक्त महिलाओं की मासिक पेंशन 350 से बढ़ाकर 500 रुपया किया गया,आंगन बाड़ी के कार्यकर्ता को 10000 रुपये और मिनी आगंन बाडी के कार्यकर्ताओं को 7500 रुपया रुपया प्रतिमाह, ग्राम कोतवार को मानदेय 1000 रुपये, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की राशि 50.000 हज़ार रुपया,मितानिन बहनो को 2200 रुपये,गोठान अध्यक्ष को 750 रुपये प्रतिमाह, धन्वन्तरि जनरिक मेडिकल के माध्यम से 44 लाख से अधिक लोगों को लगभग 82 करोड़ रुपये की बचत हुई, गौठानो में गोबर की ख़रीदी में पूरे देश में नम्बर एक है,किसानो को न्याय देने का कार्य मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की दूरगामी सोच का ही परिणाम है,पूरी दुनिया में छत्तीसगढ़ राज्य का डंका बज रहा है आज किसानो को धान का भरपूर दाम और भूमिहीन मज़दूरों को प्रतिवर्ष 7000 हज़ार रूपया प्राप्त होने से किसानो और मज़दूरों की आर्थिक इस्तिथि में सुधार आने के साथ मज़बूती भी मिली है,भूपेश बघेल सरकार ने बजट में सभी के लिये कुछ न कुछ दिया है। श्री शर्मा ने कहा की छत्तीसगढ़, छत्तीसगड़िया, छत्तीसगढ़ी की प्रगति और विकाश के साथ मान-सम्मान सहित संस्कृति को आगे बढ़ाने और सबसे अलग पहचान पूरे देश में दिलाने का काम मुख्यमंत्री ने किया है जिसका हम सभी को गर्व है।

हीरो शोरूम में चोरी का खुलासा, सेल्स मैनेजर व सफाई कर्मचारी ने मिलकर घटना को दिया था अंजाम

गरियाबंद/नवप्रदेश। मामला गरियाबंद के मुख्य मार्ग पर स्थित छत्तीसगढ़ ऑटो केयर हिरो शोरूम का है। दिनांक 04 मार्च को अज्ञात चोर के द्वारा शोरूम का ताला तोड़कर दराज में रखे 1 लाख 77 हजार रूपये नगदी तथा एक नग सीसीटीव्ही डीवीआर को चोरी कर ले जाने के सम्बंध में प्रार्थी मयुर सिद्धपुरा पिता किशोर सिद्धपुरा उम्र 34 साल निवासी लक्ष्मण चक्रधारी का मकान अम्बेडकर चैंक गरियाबंद की रिपोर्ट पर धारा 457, 380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया था।

मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए जिला गरियाबंद के उप महानिरीक्षक पुलिस एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले के दिशा-निर्देश व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चन्द्रेश सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गरियाबंद पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में सिटी कोतवाली गरियाबंद तथा स्पेशल टीम का संयुक्त रूप से विशेष टीम का गठन किया गया। विशेष टीम के द्वारा आस-पास के समस्त सीसीटीव्ही कैमरों को खंगाला गया, सीसीटीव्ही में दिनांक 05 मार्च के शाम 04:50 बजे 02 व्यक्तियों के द्वारा शोरूम के शटर खोल कर प्रवेश करते दिखे। जिसकी पहचान सेल्स मैनेजर एवं सफाई कर्मचारी के रूप में किया गया। मामले को गुमराह करते हुए सेल्स मैनेजर मयुर सिद्धपुरा के द्वारा घटना के दिनांक एवं समय को गलत बताकर थाने में चोरी की रिपोर्ट की गई थी। सीसीटीव्ही का बारिकी से अवलोकन करने पर किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा शोरूम में प्रवेश करते नहीं दिखे। सेल्स मैनेजर की गतिविधियां संदिग्ध पाये जाने पर हिरासत में लेकर कड़ाई से पुछताछ किया गया। सेल्स मैनेजर के द्वारा सफाई कर्मचारी उपेन्द्र बघेल के साथ मिलकर अपराध करना स्वीकार किया तथा घटना में प्रयुक्त पिठ्ठु बैग, हथौड़ा, पेचकस, सीसीटीव्ही डीवीआर व सम्पूर्ण रकम 1,77,000 रू. को निशांदेही पर बरामद किया गया।

पुरानी रंजिश के चलते युवक की हत्या, 5 गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रार्थी अर्जून यादव पिता कंगला राम यादव उम्र 51 साल साकिन वार्ड 03 बूढादेव पारा, नवागढ़ ने 10 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराया कि 9 मार्च के रात्रि करीबन 10:45 बजे अपने पुत्र सतानंद यादव को फोन लगाकर पूछा कि कहां हो, अभी तक घर नही पहुंचे हो। तब सतानंद ने बताया कि सरकारी अस्पताल नवागढ़ में हूं, मुझे गंभीर चोंट लगी है। सूचना पाकर सरकारी अस्पताल नवागढ पहुंचा तो देखा मेरा लडका सतानंद यादव का वार्ड में इलाज चल रहा था। उसके बांये कमर के पीछे धारदार हथियार से गंभीर चोंट आया हैं व खून निकल रहा था। अपने पुत्र सतानंद यादव से घटना के बारे में विस्तृत जानकारी पूछा तो उसने बताया कि मै और भगउ यादव दोनो रात्रि करीबन 10 बजे के आसपास लीसा बिरयानी सेंटर बस स्टैंड नवागढ़ पहुंचे तब हम लोगों को देखकर प्रमोद सिन्हा एवं उसके साथी गोपाल यादव, गोपी यादव, राजू यादव साकिनान नवागढ पुरानी रंजिश के चलते एक राय होकर अश्लील गाली गलौज करते हुये वाद विवाद करने लगे। पहले राजू यादव, गोपी यादव, गोपाल यादव हाथ मुक्का से मारपीट किये एवं भगउ यादव के गला को हत्या करने की नियत से दबाने लगे। आपसी रंजिश के चलते धारदार हथियार से प्रमोद सिन्हा मुझे एवं भगउ यादव को हत्या करने की नियत से वार कर प्राणघातक चोंट पहुंचाया जिससे मेरे बांये कमर के पीछे गंभीर चोंट आया हैं और भगउ यादव के बांये सीने में धारदार हथियार से वार करने पर उसे गंभीर चोंट आया, जिससे ईलाज के दौरान नवागढ़ अस्पताल में उसकी मृत्यु हो गई है। मेरे पुत्र सतानंद यादव को उचित ईलाज हेतु बेमेतरा जिला अस्पताल रिफर किये हैं की रिपोर्ट पर थाना नवागढ़ में अपराध सदर धारा 147, 148, 149, 294, 302, 307 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये उक्त घटना के संबंध में थाना प्रभारी नवागढ़ द्वारा वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा आई. कल्याण ऐलिसेला (भा.पु.से.) के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा मनोज तिर्की मौके पर पहुचें और घटना स्थल का निरीक्षण कर थाना प्रभारी नवागढ़ एवं थाना स्टाफ को आरोपियो के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ. ग.)

ईश्तहार

राजस्व प्र. क्र. अ/6 क्रमांक वर्ष 2022-23

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक विजय कुमार आ. श्री रामबहादुर सिंह राजपूत साकिन स्टेशन मरोदा द्वारा ग्राम बोरसी प.ह.न. 23 रा.नि.मं. तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 207/39 रकबा 700 वर्गफुट हे.. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता देवेन्द्र कौर आ. स्व. स्वर्णसिंह से क्रय किया गया है की नामान्तरण किये के सबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि 21/3/ 2023 तक या उसके पूर्व स्वय या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है । निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 7/3/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

सील — तहसीलदार दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार अहिवारा, तहसील धमधा, जिला दुर्ग

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202303102800032/ अ- 06/ वर्ष 2022 2023

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/क्रेता शीबा मालू पति के.एस. मालू निवासी हा. बोर्ड कालोनी भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा भूधारक/ विक्रेता नोहरी पिता स्व. हरीचंद व अन्य 03 निवासी सुरडुंग जामुल भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के भूमिस्वामी हक में दर्ज भूमि मौजा ग्राम रिंगनी प.हु.नं. 61. तहसील धमधा जिला दुर्ग छ. ग. स्थित भूमि ख.नं. 159/2 का टू. रकबा 1000 वर्गफीट लगान खाता अनुसार की भूमि भूधारक की ओर से आ.मु. नितेश सिंह राजपूत पिता स्व. रमेश सिंह राजपूत निवासी जामुल भिलाई से पंजीकृत ई- पंजीयन आईडी न. सीजी 5106225052022037 दिनांक 26.05.2022 को कम किया जाकर पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक स्वयं के पक्ष में नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 24.03.2023 तक पेश कर सकते है नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 07.03.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

जारी दिनांक 07.03.2023

पेशी दिनांक 24.03.2023

सील — नायब तहसीलदार अहिवारा

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 4

मामलेकी श्रेणी- राजस्व

संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.न. 00008 करंजाभिलाई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी 202223430101700006

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00008 के अंतर्गत ग्राम करंजा भिलाई के वर्तमान भूमिस्वामी सखन पिता/ पति-पि. पुनऊपता करंजा-भिलाई के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 964 (0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सेतराम साहू पिता/पति स्व. सरवन साहू पता करंजा भिलाई, बिमलासाहू पिता/पति स्व. सरवन साहू पता करंजा भिलाई, भागीरथी साहू पिता/पति स्व. सरवनसाहू पता करंजाभिलाई के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 03/04/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 4 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/03/2023 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

अ-2/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अरविंद कुमार आ./पति राकेश चौधरी निवासी उमरपोटी के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.नं. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 315/4 रकबा 0.020 हे. 1773 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 07/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

अ-2/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका ममता जैन आ./पति संतोष जैन निवासी वैशाली नगर भिलाई के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम कोहका प.ह.नं. 19 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 8547/6, 10 रकबा 0.006 हे. 720 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 07/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

अ-2/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका संगिता बेलुरकर आ./पति वासुदेव बेलुरकर निवासी गुरूनानक नगर सुपेला भिलाई के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम कोहका प.ह.नं. 19 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 8547/9 रकबा 0.012 हे. 1325 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 07/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

प्रथम पृष्ठ का शेष

मनी लॉन्ड्रिंग केस : ईडी का ....

सिसोदिया से पूछताछ की जाए। सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखा जाए। रिमांड अवधि के दौरान हर 48 घंटे में एक बार आरोपी की चिकित्सकीय जांच की जाएगी। रिमांड के दौरान रोजाना एक घंटे अपने अधिवक्ताओं से मिलने की अनुमति दी जाएगी। ईडी के अधिकारी उनकी बातचीत नहीं सुनेंगे।

समलैंगिक शादियों पर...

पर केंद्र से जवाब मांगा था।

CJI चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली एक पीठ, जो उस संविधान पीठ का भी हिस्सा थी, जिसने 2018 में सहमति से समलैंगिक यौन संबंध को अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया था, ने पिछले साल नवंबर में केंद्र को एक नोटिस जारी किया था।

छग हाईकोर्ट ने शिक्षक...

शैक्षिक योग्यता है। उक्त आरक्षण नियमों के विपरीत है। पुरुषों को इन पदों पर भर्ती से वंचित करना संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 आरक्षण नियमों का उल्लंघन है।

बाल देख-रेख संस्थाओं से ...

स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बन सकें। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने देख-रेख संस्थाओं से बाहर जाने वाले बालक-बालिकाओं के लिए योजना में सामुदायिक सामूहिक आवास की व्यवस्था का प्रावधान करने के निर्देश भी दिए हैं।

सामाजिक परंपरा को ...

रंजिता एवम यशिका के द्वारा मृतात्मा को मुखाग्नि दिलवाया गया।,यह क्षेत्र में पहला मामला है जिसमे बेटियो ने अपने पिता का अंतिम संस्कार किया ।,,यह निश्चित तौर पे डभरा ब्लॉक के लिए एक उदाहरण साबित होगा । यूं तो बेटा बेटी एक समान का नारा सभी लगाते है लेकिन यह यथार्थ में नही होता,, भानू बंजारे द्वारा उठाये गया यह कदम सराहनीय है।

और लोगो के लिए एक प्रेरणा है ताकि लोग बेटा बेटी को एक समान समझे और उनको समानता का अधिकार दे।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मुंगेली जिला-मुंगेली (छ.ग.)

ईमेल -eemun-phe-cg@nic. ट्रांजिट हॉस्टल, जेल रोड़ मुंगेली फोन - 07755-264172, 205475

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा निरस्त सूचना

जल जीवन मिशन अंतर्गत ऑनलाईन आमंत्रित निविदाओं में बिड अप्राप्त होने एवं एकल बिड प्राप्त होने के कारण आमंत्रित निविदाओं को निरस्त किया जाता है।

क्र.	ग्राम का नाम	विकासखंड	निविदा क्र./दिनांक	सिस्टम निविदा क्र.
1	मझगाँव, बिरगाँव, पातालकुंडी, चोरहाबुंदेली, राजपुरा, मझगाँव, गीतपुरी, लोकाईपुर, कंवलपुर, जैतपुरी, हेदासपुर, दामापुर, बरबसपुर, छीतापुर, चीनू	मुंगेली	279, 281, 283 284/20.01-2023, 286, 287, 289, 290, 294, 295, 296, 297, 314, 317, 318/28.01.2023	121479, 121483, 121485, 121486, 122086, 122087, 122089, 122090, 122094, 122095, 122097, 122171, 122176, 122177
2	गोइन्द्रा, कंचनपुर, तारकीडीह, परसाकापा	पथरिया	298, 299, 300, 301/28.01.2023	122098,122099, 122100, 122101
3	बिजरकापा खुर्द, करिलकुंडा, कुधुरताल, सावंतपुर	लोरमी	326, 327, 328, 329/28.01.2023	122188, 122189, 122192, 122193

Old Advt no.- 97869,98129,98130

जी-99187/3

कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मुंगेली जिला- मुंगेली (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जगदलपुर (छ.ग.)

Office Phone No. 07782-222224, 223443 Email ID- eejag-phe-cg@nic.in

"ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना" (प्रथम आमंत्रण)

नि.क्र.1179-1187 / ज.जी.मि./ नि.प्र./ का.अ./ लो.स्वा.यॉ.ख./2023 जगदलपुर, दि. 06.03.2023

जिला बस्तर के विभिन्न विकासखण्डों के अंतर्गत विभिन्न ग्राम हेतु नल जल प्रदाय योजना अंतर्गत नलकूप खनन कार्य के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रपत्र "ए" में आनलाईन (Online) निविदा (प्रमुख अभियंता लो.स्वा.या. विभाग रायपुर छ.ग. के यु. एस. ओ. आर दिनांक 01.06.2020 से प्रभावशील एवं निविदा जारी होने की तिथी तक समस्त संशोधन सहित दरो पर) आमंत्रित की जाती है ।

निविदा सूचना क्रमांक	सिस्टम निविदा क्रमांक	विकासखण्ड/ समूक क्रमांक	नल कूप खनन की संख्या	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	अमानत राशि (रु.में)
1179/06.03.2023	126761	तोकापाल / समुह क्र.- 01	25	24.457	18343/-
1180/06.03.2023	126773	तोकापाल / समुह क्र.- 02	25	24.457	18343/-
1181/06.03.2023	126776	तोकापाल / समुह क्र.-03	25	24.457	18343/-
1182/06.03.2023	126807	तोकापाल / समुह क्र.- 04	26	25.686	19265/-
1183/06.03.2023	126808	लोहण्डीगुड़ा / समुह क्र.- 01	25	24.457	18343/-
1184/06.03.2023	126812	लोहण्डीगुड़ा / समुह क्र.- 02	25	24.457	18343/-
1185/06.03.2023	126816	लोहण्डीगुड़ा / समुह क्र.- 03	25	24.457	18343/-
1186/06.03.2023	126829	लोहण्डीगुड़ा / समुह क्र.-04	25	24.457	18343/-
1187/06.03.2023	126838	लोहण्डीगुड़ा / समुह क्र.- 05	23	22.626	16970/-

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा दिनांक 26.03.2023 तक आमंत्रित की जाती है । निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https:\\eproc.cgstate.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है ।

जी-99206/4

कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जगदलपुर (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जगदलपुर (छ.ग.)

Office Phone No. 07782-222224, 223443 Email ID- eejag-phe-cg@nic.in

"ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना" (द्वितीय/चतुर्थ आमंत्रण)

नि.क्र. 1088-1106/ ज.जी.मि./ नि.प्र./ का.अ./ लो.स्वा.या.ख./ 2023 जगदलपुर, दि. 27.02.2023

जिला बस्तर के विभिन्न विकासखण्डों के अंतर्गत विभिन्न ग्राम हेतु एकल समुह नल जल प्रदाय योजना अंतर्गत कार्य के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रपत्र "ए" में आनलाईन (Online) निविदा (प्रमुख अभियंता लो.स्वा.या. विभाग रायपुर छ.ग. के यु. एस. ओ. आर दिनांक 01.06.2020 से प्रभावशील एवं निविदा जारी होने की तिथी तक समस्त संशोधन सहित दरो पर) आमंत्रित की जाती है।

निविदा सूचना क्रमांक	सिस्टम निविदा क्रमांक	विकासखण्ड/ग्राम का नाम	अनुमानित (रु. लाख में)	अमानत राशि (रु.में)
1088/27.02.2023	126268	लोहण्डीगुड़ा/ महिमा	26.42	19812/-
1089/27.02.2023	125759	बकावण्ड / बकावण्ड	238.89	40150/-
1090/27.02.2023	125770	बकावंड / सतोशा	265.43	45140/-
1091/27.02.2023	125778	लोहण्डीगुड़ा / धर्माबेड़ा	13.25	9940/-
1092/27.02.2023	125834	लोहण्डीगुड़ा/पालम	20.47	15351/-
1093/27.02.2023	125838	तोकापाल / गाटम	9.65	7237/-
1094/27.02.2023	126314	दरभा / कोटमसर	107.53	80648/-
1095/27.02.2023	126315	बस्तर / चोकर	124.11	93084/-
1096/27.02.2023	126316	बस्तर / बालेंगा	150.74	113055/-
1097/27.02.2023	126317	बस्तर/कुडालगांव	115.65	86738/-
1098/27.02.2023	115900	दरभा / दरभा	132.15	99114/-
1099/27.02.2023	125901	बस्तर / बागमोहलाई - 01	117.52	88144/-
1100/27.02.2023	125898	लोहण्डीगुड़ा/ बड़ांजी	118.77	89078/-
1101/27.02.2023	125825	तोकापाल / सिंघनपुर	110.81	83111/-
1102/27.02.2023	125891	तोकापाल / रानसरगीपाल	147.09	110319/-
1103/27.02.2023	125885	तोकापाल / भेजरीपदर	142.14	106605/-
1104/27.02.2023	125881	तोकापाल / बुरूंगपाल	175.89	131917/-
1105/27.02.2023	125878	तोकापाल / मटकोट	139.34	104505/-
1106/27.02.2023	125842	तोकापाल / नैननार	108.31	81233/-

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा दिनांक 20.03.2023 तक आमंत्रित की जाती है । निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https:\\eproc.cgstate.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

जी-99173/4

कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जगदलपुर (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

शांतिपूर्ण ढंग से मनाई होली

कुण्डा /नवप्रदेश। ग्राम वासी सहित आसपास के क्षेत्र में होली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया लोगों ने जमकर होली खेलीइस दौरान गुलाल उड़ाई गई। होली पर्व पर मोहल्ले में होलिका की पूजा की इसके बाद शाम को अलग अलग स्थानों पर होलिका दहन का आयोजन हुआ। दोस्तों और परिवारों के साथ मिलकर खूब रंगों का बौछार हुआ साथ ही लोग इस त्योहार में एक दूसरों को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी चैन कुमार चंद्राकर ने बताया कि इस साल कोरोना काल के बाद इस साल बड़ी धूमधाम से मनाया गया होली का पर्व युवाओं ने दी बधाई पत्रकार चैन कुमार चंद्राकर, सुरज चन्द्राकर, दिलीप चन्द्राकर, प्रितेश गुप्ता, अजय सिंगरौल,मनीतोष अंचल, मोहन कोरी, सागर चन्द्राकार, सुनील साहू नानू चौहान, एवं समस्त ग्राम वासी सहित आसपास गांवों शामिल हुए।

कृषि विभाग ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। उपसंचालक कृषि विभाग बलौदाबाजार में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस में मनाया गया। इस मौके विभाग में कार्यरत महिलाओं द्वारा महिला सशक्तिकरण पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज पुरुषों के बराबर कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रही है। साथ हर क्षेत्र में महिलाएं प्रगति कर रही है। अगर एक महिला ठान ले कि अच्छा कार्य करने की तो वह क्या नहीं कर सकती है सब जानते है कि महिलाओं को हर जगह पुरुषों के बराबर बराबर की हिस्सेदारी महिलाओं के लिए भी लागू किया गया है। इन्हीं सकारात्मक विचारों के साथ कार्यालय में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उप संचालक कृषि जोसेफटोप्पो, हेड क्लर्क प्रमोदिनी एम्मानुएल, सहायक सांख्यिकी अधिकारी अर्चना बघेल, भृत्य अंकिता श्रीवास्तव, अनुसुईया यदु एवं अन्य स्टाफ्गण भी उपस्थित रहे।

बिंझवार आदिवासी समाज के लिए महासमुंद में बनेगा सामुदायिक भवन

महासमुन्द/नवप्रदेश। बिंझवार आदिवासी समाज महासमुन्द के लिए जिला मुख्यालय महासमुन्द में पांच लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाएगा। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने सामाजिक पदाधिकारियों की मांग पर भवन निर्माण के लिए पांच लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। जिस पर समाज के पदाधिकारियों ने संसदीय सचिव श्री चंद्राकर का आभार जताया है। आज शनिवार को बिंझवार आदिवासी समाज जिला महासमुन्द के पदाधिकारियों ने संसदीय सचिव निवास पहुंच कर संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय में एक सामाजिक भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही है। भवन नहीं होने से दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लिहाजा यहाँ भवन निर्माण की ओर ध्यानाकर्षित कराया। जिस पर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने भवन निर्माण के लिए पांच लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। राशि की घोषणा पर अध्यक्ष पकलु राम बरिहा, बेदराम बरिहा, कल्याण सिंह बरिहा, भगवानी बरिहा, सुदामा राम बरिहा, योगराम बरिहा, अर्जुन सिंग बरिहा, जितेंद बरिहा, अजय बरिहा, सुकलाल बरिहा, तुला राम बरिहा, इंद्र बरिहा, मानसिंग बरिहा, प्रीतम बरिहा, मोहन बरिहा, दर्शन बरिहा, हीरासिंग बरिहा, कृपालू बरिहा, टेकू बरिहा, कृष्णा बरिहा, जगतराम बरिहा, गणेशराम बरिहा, मनोज कुमार, रमनलाल बरिहा, धनसिंग बरिहा, रमेश बरिहा, खेमराज बरिहा, उदेराम बरिहा, भुनेश्वर बरिहा आदि ने संसदीय सचिव श्री चंद्राकर का आभार जताया है।

राहुल गांधी के लिए जमीन आवंटित करने भाजपा नेता ने लिखा पत्र

नवागढ़/नवप्रदेश। राहुल ने कांग्रेस के महाधिवेशन के दौरान कहा था कि उनके पास 52 साल से मकान नहीं है। इसे लेकर बीजेपी नेता देवदास चतुर्वेदी ने प्रशासन को एक पत्र लिख डाला है। जिसमें उन्होंने सरकारी जमीन आवंटित करने की मांग की है। उनका कहना है कि ऐसा होने से राहुल जैसे गरीब का पक्के मकान में रहने का सपना नरेंद्र मोदी सरकार की योजना से पूरा हो सकेगा। देवदास ने पत्र में लिखा है-कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी 24, 25, 26 फरवरी को छत्तीसगढ़ प्रवास पर थे। वहां उन्होंने एक भाषण में कहा कि मेरी उम्र 52 साल है, उन्होंने विनम्रतापूर्वक यह भी स्वीकार किया कि मेरे पास पक्का मकान नहीं है, जिसमें मैं रह सकूं। इसलिए मैं मांग करता हूं कि नवागढ़ नगर पंचायत क्षेत्र के संबलपुर रोड में सरकारी जमीन में खसरा नंबर 659 है। उस जमीन में से 2.50 डिसमिल जमीन राहुल गांधी के नाम आवंटित कर दी जाए। जिससे केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास का लाभ उन्हें मिल सके।

फाग गीत पर थिरके संसदीय सचिव

नवागढ़/नवप्रदेश। संसदीय सचिव व नवागढ़ विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे ने क्षेत्रवासियों के साथ होली की खुशियां बांटी। उन्होंने बड़े उत्साह के साथ नगाड़े के थाप में फाग गीतों पर नृत्य भी किया। उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों को अपनी शुभकामनाएं भी दी है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह में शामिल हुए कलेक्टर

- स्व सहायता समूह के महिलाओं के बने उत्पादों को सराहा

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कलेक्टर रजत बंसल ने अंबुजा सीमेंट द्वारा अर्जुनी में आयोजित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में कलेक्टर रजत बंसल पहुंचकर राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत कार्यरत स्व सहायता समूह के दीदियों का सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने कहा कि सरकार महिलाओं को रोजगार और आर्थिक स्थिति में बदलाव लाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है और इसका सही परिणाम भी देखने के लिए मिल रहा है आज महिलाएं पूर्ण रूप से सक्षम हो रही है। उनके द्वारा बनाए गए उत्पाद को देश विदेश में पहचान मिल रही है। महिलाओं का यह प्रयास बहुत ही अच्छा है जो ग्रामीण परिवेश में रहकर एक सफल उद्यमी बनकर उभर रही है.

इस कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा बनाए गए विभिन्न उत्पादों की स्टॉल लगाए गए कलेक्टर ने सभी स्टालों पर पहुंचकर महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की जानकारी ली व स्वयं भी खरीदी की। इन उत्पादों को और अधिक पहचान मिले बिक्री हो इसके लिए अंबुजा फाउंडेशन को विशेष कार्य करने के निर्देश दिए।

स्कूलों को दिए गए कम्प्यूटर, टेबल फ्रिज सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री

इस कार्यक्रम के दौरान अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन द्वारा स्कूलों में आधुनिक शिक्षा पद्धति को बढ़ावा देने हेतु कंप्यूटर, टेबल फ्रिज व आवश्यक शैक्षणिक सामग्री दी गई स्व सहायता समूह के माध्यम से संचालित की जा रही स्वरोजगारोन्मुखी योजनाओं से ग्रामीण परिवेश में पली बड़ी महिलाओं में आत्म निर्भरता का बोध हुआ है। महिलाएं अब पारंपरिक उत्पादो को नए रूप में लाकर विशेष कार्य कर रहीं हैं। जो कि वर्तमान समय में महिलाओं की आत्म निर्भरता को उजागर करता है। प्रदेश सरकार स्व सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाओं का संचालन कर रही है। यह जन कल्याणकारी अभियान के अन्तर्गत आजीविका एवं कौशल विकास के तहत कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की अनेक महिलाओं ने विभिन्न उत्पादों का निर्माण किया।

केन्द्र सरकार के खिलाफ बैंक शाखा के सामने कांग्रेसियों ने दिया धरना

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलारी के अध्यक्ष सुनील कुर्रे के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार की अडानी के पक्ष में क्रोनी कैपिटलिज्म निति (घोर पूंजीवाद) का विरोध करने के लिए एक दिवसीय धरना कार्यक्रम रखा गया था जिसमे वक्ताओं ने कहा कि गहरे आर्थिक संकट के समय भाजपा सरकार देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को अडानी समूह को बेच रही है और एसबीआई व एल आई सी जैसी सार्वजनिक संस्थाओं को निवेश करने को मजबूर कर रही है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के भारतीयों की करोड़ों की बचत जोखिम में है

इस गलत निती के चलते केन्द्र सरकार के खिलाफभारतीय स्टेट बैंक शाखा पलारी के सामने धरना प्रदर्शन कर आम नागरिकों के पक्ष में आने वाले 2023/24 के चुनाव में कांग्रेस के पक्ष को मजबूत कर जनहित में सहयोग कर एकजुटता का परिणाम देकर इस जुमले वाली सरकार को उखाड़ फेंकने की इस धरना प्रदर्शन में आमजन से अपील किया गया व यह धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से सुनील कुर्रे अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलारी, सुकालू राम यदु उपाध्यक्ष बलौदाबाजार, मंडी अध्यक्ष मेघनाथ यादव, महेश ढीढी प्रदेश संयोजक अनु जाति विभाग, गणेश शंकर जायसवाल, श्याम लाल पटेल प्रवीण धुरंधर शशिकांत वर्मा हेमंत वर्मा महेश्वरी कुर्रे गुलाब यदू रूक्मणी तेहरवंश संतोष देवांगन जानकी धुव धर्मेन्द्र मुरली साहू भगवान दास पात्रे देवनारायण जायसवाल स्वरूप धृतलहरे शिव धीवर परमेश्वर मनहरे जगमोहन वर्मा भगवानी बघेल दिलीप कुमार टंडन तेज राम सायतोडे महेश राम साहू रामस्वरूप वर्मा तोमन चन्द्राकर धरम दास कुर्रे बिसन रजक घनश्याम वर्मा कमल नारायण राजपूत उर्मिला मिरी गीता देवी साहू नारायण साहू व नगर के वरिष्ठ नागरिकों एवं कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के उपस्थिति में संपन्न हुआ।

150 मिलियन टन के पार पहुँचा एसईसीएल का कोयला उत्पादन

बिलासपुर/नवप्रदेश। चौथी बार एसईसीएल डेढ़ शतक के पार, केवल 2 कोल कम्पनियाँ ही इस क्लब में एसईसीएल ने कोयला उत्पादन में 150 मिलियन टन का लक्ष्य पार कर लिया है। वित्तीय वर्ष की समाप्ति से 3 हफ्ते पूर्व ही इस महत्वपूर्ण माईल स्टोन को हासिल कर लेने से अधिकारी-कर्मचारियों में उत्साह है तथा अब एसईसीएल की नजर अब तक के सर्वाधिक कोयला उत्पादन के कीर्तिमान की ओर है। कम्पनी ने गत वर्ष समान अवधि की तुलना में कोयला उत्पादन में लगभग 18 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। अगर पिछले 5 वर्षो के एसईसीएल के कोयला उत्पादन पर नजर डालें तो एसईसीएल ने वर्ष 2021-22 में 142.52 मिलियन टन, वर्ष 2020-21 में 150.61 मिलियन टन, 2019-20 में 150.55 मिलियन टन, 2018-19 में 157.35 मिलियन टन तथा 2017-18 में 144.71 मिलियन टन का कोयला उत्पादन दर्ज किया है। इस प्रकार एसईसीएल ने अपनी स्थापना से लेकर अब तक चौथी बार 150

मिलियन टन कोयला उत्पादन का आँकड़ा पार किया है।

उत्पादित 150 मिलियन टन कोयले में से लगभग 130 मिलियन टन कोयला पावर संयंत्रों को प्रेषित किया गया है जो कि गत वर्ष समान अवधि की तुलना में लगभग 10 मिलियन टन अधिक है। ज्ञात हो कि आने वाले गर्मी के मौसम को देखते हुए विद्युत संयंत्रों तक अधिकाधिक कोयला प्रेषित किया जा रहा है। कम्पनी ने कोयले के प्रेषण में गत वर्ष की तुलना में लगभग ढाई प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

कोयला निष्कासन से पूर्व की प्रक्रिया-ओबीआर में एसईसीएल ने इस वर्ष ऐतिहासिक नतीजे दिए हैं तथा गत वर्ष की तुलना में 34 प्रतिशत की वृद्धि के साथ स्थापना से अब तक के सर्वाधिक वार्षिक ओबीआर की तरफ बढ़ रहे है। इस अवसर पर सीएमडी एसईसीएल डा. प्रेम सागर मिश्रा व निदेशक मण्डल ने एसईसीएल टीम को बधाई दी है।

नाबालिग के साथ अनाचार

कवर्धा/नवप्रदेश। कवर्धा में एक बार फिर सामने आया नाबालिग के साथ अनाचार का मामला बीते माह से अबतक जिले में नाबालिग बच्चियों से अनाचार का मामला आ चुका है सामने। जिसमे दो मामले स्कूल से संबंधित है। मामले में आरोपी ने नाबालिग को लालच देकर अपने हवस का शिकार बनाने का प्रयास करने का मामला सामने आया है।

आपको बता दें कि बीते फरवरी माह में जिले के तीन नाबालिग बच्चियों के साथ अनाचार का मामला सामने आ चुका है जिसमे एक मामला जिले के प्राइवेट स्कूल का है जहां 4 साल की मासूम के साथ बस हेल्पर द्वारा मासूम के साथ अनाचार किया गया था वहीं दूसरा मामला पिपरिया थाना क्षेत्र के शासकीय स्कूल के प्रधानाचार्य का मामला सामने आया था, जिसमे शिक्षक ने अपने ही स्कूल के नाबालिग छात्रा के साथ अश्लील वीडियो दिखाकर अनाचार करने का प्रयास किया था, वहीं एक ऐसा ही मामला सामने आया था जिसमे जिले की नाबालिग युवती के साथ रायपुर के कुछ बदमाशों ने अनाचार की घटना को अंजाम दिया था जिसके बाद एक बार फिर कवर्धा जिले में ऐसा ही कुकृत्य करने का प्रयास करने का मामला सामने आया है जहां नाबालिग के परिजनों ने बीते दिनों थाना कुकदूर में अपराधी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है, मामला है कि 6 वर्षीय नाबालिग को आरोपी द्वारा मिठाई का लालच देकर अकेले में लेजाकर कुकृत्य करने का प्रयास किया जा रहा था जहां नाबालिग की चीख पुकार सुन पशु चरवाहे ने बच्ची को देखा तो आरोपी बच्ची को अकेले छोड़ कर भाग निकला जिसके बाद चरवाहे ने बच्ची को सुरक्षित उसके घर पहुंचाया जिसके बाद नाबालिग के परिजनों ने थाना कुकदूर में जाकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है वहीं पुलिस आरोपी मनोहर धुर्वे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जहां पुलिस ने आरोपी मनोहर पिता-शिवकुमार धुर्वे के खिलाफ धारा 363,323,354 एवं पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है।

विजय बघेल ने आमजनों के बीच मनाई होली

नवागढ़/नवप्रदेश। विजय बघेल डायरेक्टर अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम द्वारा अपने निज निवास खपरी में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में उन्होंने क्षेत्रवासियों को गुलाल लगाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।

क्रोमा में एयर कंडीशनर्स, रेफ्रिजरेटर्स और रूम कूलर्स पर 45% तक की बचत

रायपुर/नवप्रदेश। भारत के पहले और विश्वसनीय ओम्नी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर और टाटा समूह का एक ब्रांड क्रोमा ने बहुप्रतीक्षित समर सेल की घोषणा की है। इसमें क्रोमा के उपभोक्ता घरेलु उत्पादों की विशाल रेन्ज पर कई आकर्षक ऑफर्स का लाभ ले सकते हैं। इस साल गर्मियां जल्दी शुरू होने की उम्मीद है, तपती गर्मी से निपटने के लिए घरों को तैयार करने करने का अवसर इस समर सेल में मिल रहा है।

क्रोमा के समर सेल में एयर कंडीशनर्स, रूम कूलर्स, रेफ्रिजरेटर्स और कई उत्पादों पर 45% तक की भारी छूट पायी जा सकती है। क्रोमा में एयर कंडीशनर्स की विशाल श्रेणी प्रस्तुत की गयी है। 350 से ज्यादा एसी, 450 से ज्यादा रेफ्रिजरेटर्स में से उपभोक्ता अपनी पसंद और ज़रूरत के मुताबिक उत्पाद चुन सकते हैं, साथ ही एक्सचेंज और अपग्रेड लाभ, कैशबैक ऑफर्स और 18 महीनों तक के ईएमआई के विकल्प भी पाए जा सकते हैं।

क्रोमा में स्प्लिट एसी की कीमतें सिर्फ 27,990 रुपयों से आगे, रूम कूलर्स की कीमतें सिर्फ 5,990 रुपयों से आगे और क्रोमा फ्रॉस्ट फ्री रेफ्रिजरेटर्स की कीमतें सिर्फ 21,990 रुपयों से आगे हैं। चिलचिलाती गर्मी से राहत पाने के सभी उत्पादों को क्रोमा के समर सेल में शामिल किया गया है। पुराने, छोटे रेफ्रिजरेटर को अपग्रेड करने के लिए बड़ा रेफ्रिजरेटर खरीदना चाहने वाले उपभोक्ताओं के लिए साइड-बाय-साइड 630 लीटर के कन्वर्टिबल रेफ्रिजरेटर्स भी यहाँ हैं जिनकी कीमतें सिर्फ 64,990 रुपयों से आगे हैं।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत किया गया सिजेरियन प्रसव

धमतरी/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान एवं सुमन कार्यक्रम के तहत गर्भवती माताओं को सुरक्षित मातृत्व सेवा उपलब्ध कराई जाती है इसके तहत सिविल अस्पताल कुरूद में आज स्त्री रोग विशेषज्ञ और टीम द्वारा तीन सुरक्षित सिजेरियन प्रसव किया गया है। इनमें ग्राम खोपरा, नगर पंचायत कुरूद और ग्राम भाठागांव की गर्भवती महिलाएं शामिल थीं। बताया गया है कि तीनों के जच्चे-बच्चे पूरी तरह स्वस्थ हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.के.मण्डल ने बताया

कि जिला अस्पताल धमतरी में हर दिन 24 घंटे और सिविल अस्पताल कुरूद में प्रति शुक्रवार सिजेरियन प्रसव की सुविधा दी जा रही है। अब उच्च जोखिम वाली गर्भवती माताएं, जिनका सिजेरियन प्रसव सुनिश्चित है, उन्हें निजी अस्पताल जाने की जरूरत नहीं है। मातृ मृत्यु नहीं होने पाए, इसके लिए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान एवं सुमन कार्यक्रम के तहत सभी जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं निःशुल्क प्रदाय की जा रही हैं। वर्तमान में जिले में गर्भवती माताओं का एचबी, यूरीन, शुगर जांच कर हाई रिस्क माताओं की सूची प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में रखा जाता है और निर्धारित प्रसव तिथि पर स्वास्थ्य संस्थाओं में सिजेरियन एवं सामान्य प्रसव विशेषज्ञ डॉक्टर की उपस्थिति में निःशुल्क कराया जाता है।

'इंडियन आइडल सीजन 13' में ऋषि सिंह की टोनी कक्कड़ ने की तारीफ

मुंबई। इस वीकेंड, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का सिंगिंग रियलिटी शो, 'इंडियन आइडल - सीज़न 13' मनोज मुंतशिर और सिंगिंग सेंसेशंस टोनी कक्कड़ और श्रीलंकाई सिंगर योहानी की मौजूदगी में 'सेलिब्रेटिंग आर.डी. बर्मन' स्पेशल एपिसोड पेश करेगा, जहां टोनी और योहानी पहली बार इस शो में पहुंचेंगे। कंटेस्टेंट्स की परफॉर्मेंसेस का मज़ा लेने के साथ-साथ दोनों अपने गाने 'चुनरी में दाग' को भी प्रमोट करेंगे।

अयोध्या के ऋषि सिंह 'एक अजनबी हसीना से' और 'ये जो मोहब्बत है' गाने पर शानदार परफॉर्मेंस देते नजर आएंगे, जिसे सुनकर सभी हैरान रह जाएंगे! इतना ही नहीं, उनकी परफॉर्मेंस के बाद टोनी कक्कड़ ने ऋषि

की तारीफ करते हुए कहा, 'ऋषि, आपने वाकई बहुत अच्छा गाया!' 'ये जो मोहब्बत है' पर आपकी परफॉर्मेंस ने पूरे सेट का माहौल बदल दिया। आपकी आवाज में कोर स्पेक्ट्रम है और इसकी एक विस्तृत रेंज है, जो प्लेबैक सिंगिंग के लिए परफेक्ट है। इतना ही नहीं, टोनी कक्कड़ सोशल मीडिया सेंसेशन ऋषि सिंह और योहानी दिलोका से 'मनिके मागे हिथे' गाने पर एक साथ परफॉर्म करने की गुजारिश करेंगे।

सकारात्मक सोच लक्ष्य प्राप्ति के लिए सहायक : डा शुक्ला

नवागढ़/नवप्रदेश। गुरुकुल विद्यालय स्कूल पारा नवागढ़ में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरवार को लक्ष्य दिवस मनाया गया। जिसमें बच्चों को प्रेरित करने के लिए श्री सत्य साई संजीवनी हॉस्पिटल रायपुर से पधारे डॉ निखिल शुक्ला ने बच्चों को प्रेरणा प्रद बातों से प्रभावित कर जीवन को सार्थक बनाने के लिए बल प्रदान किया।

डॉक्टर निखिल शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि सकारात्मक सोच हमेशा लक्ष्य प्राप्ति में सहायक होते हैं अगर हमें जीवन में कुछ बनना है तो अपनी क्षमता अपनी योग्यता और अपने सामर्थ्य के अनुसार लक्ष्य निर्धारित

कर अर्जुन की तरह कार्य करना चाहिए इससे लक्ष्य प्राप्ति आसान होता है सकारात्मक ऊर्जा हमेशा हमारे आत्मबल को मजबूती प्रदान करता है और हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहता है।

उन्होंने बताया कि जिस संस्था में वे अपनी सेवा दे रहे हैं वहां हजारों बच्चों का निःशुल्क हार्ट सर्जरी किया जाता है। ऐसा संभव सकारात्मक ऊर्जा से होता है। जीवन में सकारात्मक ईर्ष्या भी लक्ष्य प्राप्ति में सहायक होता है। उनकी बातों से बच्चे, शिक्षक, अभिभावक सभी मंत्रमुग्ध हो गए थे। उनका एक एक शब्द प्रभावशाली और ऊर्जा से भरा था।

कार्यक्रम के अध्यक्ष विकास धर दीवान जीवन बच्चों को बताया कि हम प्रत्येक सफल व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। हर व्यक्ति की विशेषता हमारे लिए प्रेरणा दायी होता है और उनके प्रेरणा से हम सफलता को प्राप्त कर सकते है।

श्री सत्य साई संजीवनी हॉस्पिटल के सीनियर मैनेजर के वेंकट ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। ग्यारहवीं कक्षा के छात्र खिलेंद्र बंजारे ने अपनी योग्यता और क्षमता से एक आई फाई माडल बनाया है जो कि उसकी प्रतिभा का पहचान कराता है। उसका आत्मविश्वास उसकी शब्दो में झलक रहा था। बच्चे उनकी बातें सुनकर काफी प्रभावित हुए।

कार्यक्रम में लक्ष्मीकांत ठाकुर, ओमप्रकाश साहू, केदार निर्मलकर, दिनेश सिंह, अनीशासाहू, मालती यादव, चांदनी देवांगन, शगुन यादव, प्रेमलाल, प्रमिला, देवकी, ऋतु, संतोषी, मनीषा, मंजू, यशवंत सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवम् आभार प्रदर्शन राजेश धर दीवान ने किया।

परीक्षा देने जा रहे स्कूल छात्रा को ट्रेलर ने रौंदा, मौत

सक्ती/नवप्रदेश। ट्रेलर की चपेट में आने से एक छात्र की मौत हो गई. मिली जानकारी के मुताबिक, 16 वर्षीय छात्र प्रताप मनहर परीक्षा देने स्कूल जा रहा था, तभी ट्रेलर की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई. हादसे के बाद ड्राइवर ट्रेलर छोड़कर मौके से फरार हो गया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक, मृतक छात्र कुर्दा का रहने वाला है, जो ग्राम पिरदा परीक्षा देने जा रहा था. हादसे के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम कर मृतक के परिवार को तत्कालीन सहायता राशि देने की मांग की. पुलिस की काफी समझाइश के बाद चक्काजाम फिलहाल समाप्त हो गया है. अधिकारियों ने मृतक के परिवार को तत्कालीन सहायता राशि 25000 रुपए दी. पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. पुलिस आरोपी ड्राइवर की खोजबीन कर रही है।

होली मनाने ससुराल जा रहे पुलिस आरक्षक की दर्दनाक मौत

जशपुर/नवप्रदेश। जशपुर जिले के तपकरा थाना क्षेत्र में देर रात बड़ा हादसा हुआ। तपकरा और कुनकुरी के बिच स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें एक पुलिस आरक्षक कि घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पुलिस आरक्षक बलौदा बाजार के पुलिस लाइन में वायरलेस के पद पर कार्यरत था। जिसका नाम युगल किशोर सिन्हा बलौदा बाजार का निवासी था, जो होली मनाने अपने ससुराल तपकरा थाना के जामबहार गांव को निकला था, लेकिन ससुराल पहुंचने से पहले ही कार रोड से अनियंत्रित होकर रोड किनारे एक बड़े गड्ढे में जा गिरी और उस गड्ढे से लगे पेड़ में टकराई । हादसे में कार पुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई । घटना को देखते राहगीरों ने तत्काल तपकरा थाना प्रभारी एस आर भगत को जानकारी दी, वहीं मामले को गंभीरता से देखते हुए पुलिस प्रशासन घटनास्थल पहुंचकर चालक को जो बुरी तरह कार में फंसा था। उसे निकाल कर बाहर किया गया, लेकिन निकालने के बाद चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो चुकी थी। गाड़ी में मिले दस्तावेज के अनुसार और चालक के जेब में मिले डॉक्यूमेंट के आधार पर उसकी पहचान बलौदा बाजार के युगल किशोर सिन्हा के रूप में हुई जो वायरलेस के पद पर कार्यरत था। पुलिस ने एंबुलेंस के माध्यम से शव को पोस्टमार्टम के लिए कुनकुरी भिजवाया । वही घटना की ख़बर के बाद परिजनो में शोक की लहर है।

सिरफिरे प्रेमी ने प्रेमिका को मारा चाकू फिर खुद का गला रेता, दोनों अस्पताल में भर्ती

धमतरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में एक सिरफिरे प्रेमी ने सनक में अपनी ही प्रेमिका पर चाकू से जानलेवा हमला कर उसे घायल कर दिया। इसके बाद प्रेमी ने खुद का गला रेत दिया। दोनों अस्पताल में भर्ती है। दरअसल, यह मामला अर्जुनी पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम खरतुली का है। अर्जुनी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना नौ मार्च की रात 10 बजे की है। ग्राम खरतुली के सुरेंद्र सिन्हा चाकू लेकर अपनी कथित प्रेमिका उमा साहू के घर पहुंचा। देखते ही देखते उसने उमा साहू पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। आसपास के लोगों और स्वजनों ने किसी तरह से बचाव किया। इसके बाद युवक ने अपने गले को चाकू से रेत दिया। दोनों लहूलुहान होकर गिर पड़े। ग्रामीणों की मदद से दोनों को धमतरी के अस्पताल पहुंचाया गया। युवती की हालत ज्यादा खराब है, उसे धमतरी के बठेना अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवक का उपचार जिला अस्पताल धमतरी में चल रहा है। फिलहाल इस मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं किया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों का बयान लिया है।

शादी की बात से नाराज होकर युवक चढ़ा पेड़ पर, बुलानी पड़ी पुलिस

जांजगीर/नवप्रदेश। जांजगीर जिले से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां माता-पिता के द्वारा बार-बार शादी का दबाव और काम पर जाने के लिए कहने से नाराज बेटा पेड़ पर चढ़ गया। हालाँकि पुलिस के काफी मानमनौवल के बाद युवक को पेड़ से सुरक्षित उतारा गया। युवक का नाम रामकुमार केवट 21 वर्ष है। ये पूरा मामला 8 मार्च की रात मूलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम बनाहिल भाटापारा का है। यहां रहने वाला रामकुमार केवट पिता मंगलू केवट शराब के नशे में कौहा पेड़ के ऊपर चढ़ गया था। दरसअल, मंगलू केवट अपने बेटे रामकुमार की शादी करवाना चाहता है और उसी को लेकर अपने बेटे को काम पर जाने के लिए रोज कहता था। होली वाले दिन भी इसी बात को लेकर पिता ने रामकुमार से टोका-टाकी की। इस बात से नाराज रामकुमार शराब के नशे में अपने गांव के कौहा पेड़ पर चढ़ गया। इधर, इसकी जानकारी मिलने के बाद मूलमुला थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ रात करीब 7 बजे के आसपास मौके पर पहुंचे जिसके बाद थाना प्रभारी के समझाने के बाद युवक युवक को सुरक्षित पेड़ से उतारा गया।

ऑनलाइन ठगी का मामला, एप इंस्टॉल कराकर खाते से 4 लाख रुपए किए पार

कोरबा/नवप्रदेश। ऑनलाइन ठग ने खुद को बैंक का कर्मचारी बताकर एक महिला के मोबाइल पर एनीडेस्क एप इंस्टॉल कराया, फिर 96 अंक का पासवार्ड हासिल कर खाते से करीब 4 लाख रुपए पार कर दिए। थाना सिविल लाईन अंतर्गत खरमोरा के शांति विहार में ललिता गुप्ता निवासरत है। उनके पति सूरज कुमार गुप्ता सेवानिवृत्त फौजी थे, जिनकी सड़क हादसे में करीब एक साल पहले मौत हो गई। उनका एजीआई पैसा शहर के एक बैंक में खुले संयुक्त बैंक खाता में था। गुरुवार को ललिता गुप्ता के मोबाइल पर नए नंबर से कॉल आया। सामने वाले ने खुद को बैंक का कर्मचारी बताकर झांसे में लिया। क्रेडिट कार्ड का रिनिवल कराने जानकारी लेकर एनीडेस्क एप को मोबाइल पर इंस्टॉल कराया, फिर 9 अंकों का पासवर्ड हासिल कर उनके खाते से निकाल लिए।

मुख्यमंत्री 21 को विश्व वानिकी दिवस पर करेंगे 'मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना' का शुभारंभ

- छत्तीसगढ़ में वाणिज्यिक वृक्षारोपण को बढ़ावा देने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना
- प्रत्येक जिले में आयोजित होंगे कार्यक्रम
- मुख्य सचिव ने तैयारियां सुनिश्चित करने दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल 21 मार्च को विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना' का शुभारंभ करेंगे। इसके तहत प्रदेशभर के हर जिले में एक-एक स्थान पर समारोह के रूप में शुभारंभ के कार्यक्रम का आयोजन होगा।

मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा वाणिज्यिक वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में 'मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना' लागू किए जाने की घोषणा उपरांत इसके क्रियान्वयन की तैयारियां जोरो पर है। मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने इस तारतम्य में प्रदेश के समस्त कलेक्टर तथा वनमंडलाधिकारियों को पत्र भेजकर जिले में 'मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना' के शुभारंभ कार्यक्रम के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा विभागीय अधिकारी-कर्मचारी सहित आम जनता बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

गौरतलब है कि 'मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना' के तहत समस्त वर्ग के सभी इच्छुक भूमिस्वामी, शासकीय अर्द्ध शासकीय एवं शासन की स्वायत्त संस्थाएं, निजी शिक्षण संस्थाएं, निजी ट्रस्ट, गैर शासकीय संस्थाएं, पंचायतें तथा भूमि अनुबंध धारक इस योजना का लाभ जे सकते है। इस योजना के अंतर्गत हितग्राही की निजी भूमि में 5 एकड़ तक रोपण हेतु 100 प्रतिशत तथा 05 एकड़ से अधिक क्षेत्र में रोपण हेतु 50 प्रतिशत वित्तीय अनुदान शासन द्वारा हितग्राहियों को प्रदाय किया जाएगा।

राज्य में इस योजना के माध्यम से प्रति वर्ष 36 हजार एकड़ के मान से कुल 5 वर्षों में एक लाख 80 हजार एकड़ में 15 करोड़ पौधों के रोपण का लक्ष्य रखा गया है। शासन द्वारा चयनित वृक्ष प्रजातियों की खरीदी के लिए प्रतिवर्ष न्यूनतम क्रय मूल्य निर्धारित किया जाएगा। जिससे कृषकों को निश्चित आय प्राप्त हो सकें। वनक्षेत्र से बाहर लकड़ी के उत्पादन बढ़ने से काष्ठ आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही कार्बन क्रेडिट के माध्यम से भी कृषकों को अतिरिक्त आय प्राप्त होगी।

निगम क्षेत्र में आवारा घूमने वाले 78 मवेशियों को पकड़ा गया

- आवारा मवेशियों को पकड़ने भिलाई निगम का निरंतर अभियान

भिलाईनगर/नवप्रदेश। भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत रोका छेका अभियान के तहत आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए महाअभियान चलाया जा रहा है। निगम क्षेत्र में अवाारा घूमने वाले मवेशियों से किसी को परेशानी न हो इसे देखते हुए भिलाई निगम की टीम सभी जोन क्षेत्रों में तिथि वार आवारा पशुओं को पकड़ने अभियान चला रही है। अभियान के तहत सप्ताहभर में 78 आवारा पशुओं को पकड़ कर गौठान भेजा गया है। आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने के लिए आयुक्त रोहित व्यास ने निर्देश दिए हैं। रोका छेका अभियान के तहत आवारा मवेशियों को पकड़ने टीम शहर में विभिन्न संसाधनों के साथ घूम-घूम कर आवारा मवेशी को पकड़ रहे हैं। काऊ केचर वाहन में मवेशियों को डालकर सीधे गौठान में छोड़ा जा रहा है। भिलाई निगम की टीम मुख्य रूप से शहर के सभी मार्केट क्षेत्र तथा अंदरूनी क्षेत्र की सड़कों के किनारे घूमने वाले मवेशियों को टारगेट करते हुए पावर हाउस मार्केट, सर्विस रोड तथा जीई रोड के किनारे चलने वाले आवारा मवेशियों के कारण वाहन चालकों एवं मार्केट में खरीददारी के लिए आने वाले लोगों को समस्या से निजात दिलाने निगम की टीम पशुओ को पकड़ने की कार्रवाई कर रहे हैं। बीते सप्ताह भर से चल रहे विशेष अभियान में निगम क्षेत्र के सभी वार्डो से आवारा मवेशी पकड़ने रूट चार्ट बनाकर कार्य कर रहे है। मार्केट क्षेत्रों में भी आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए है। इसी के तहत भिलाई निगम क्षेत्र में अभियान चलाया जा रहा है। मवेशियों को पकड़ने के दौरान उन्हें चोट न लगे इसलिए निगम की टीम दो काऊ केचर एवं रस्सी व आवश्यक संसाधन के साथ फिल्ड में पहुंच रहे है, नगर निगम के अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने पशु पालकों से अपील की है कि खुले में आवारा मवेशियों को न छोड़े और अभियान में सहयोग प्रदान करें।

जानवरों के अवैध शिकार पर निकले 4 संदेही गिरफ्तार

- वन विभाग के टीम ने जब्त किया समान

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। वनमंडल अधिकारी मयंक अग्रवाल के निर्देश पर जंगलों में निरीक्षण कर अवैध शिकार पर गश्ती टीम के माध्यम से कड़ी नजर रखी जा रही है। इसके तहत 7 मार्च को वन अमले द्वारा लवन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भोथाही परिसर के कक्ष क्रमांक 139 के समीप आबादी क्षेत्र में गस्त के दौरान अवैध शिकार किए जाने के संदेह में ग्राम घिरघोल निवासी कृषक विष्णु प्रसाद ध्रुव के खेत में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शिकार किए गए पशु का खून मिला। स्थल का मौका निरीक्षण किए जाने पर 01 नग कुल्हाड़ी, 01 नग हीरो मोटर सायकल, चीतल का 04 नग पैर व मांस के टुकड़े प्राप्त हुए। उक्त घटना को अंजाम देने के शक के आधार पर गुरूवार को श्री विष्णु प्रसाद ध्रुव व अन्य से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान ग्राम घिरघोल निवासी विष्णु प्रसाद ध्रुव वल्द नाथूराम उम्र 46 वर्ष, टेकराम ध्रुव वल्द रमेशर ध्रुव उम्र 32 वर्ष, रघुनाथ निषाद वल्द रेवाराम एवं शोभाराम निषाद वल्द बोनूराम निषाद उम्र 42 वर्ष द्वारा जी.आई तार के माध्यम से 11 के.व्ही. विद्युत करेंट फेलाकर वन्यप्राणी नर चीतल के शिकार करने का जुर्म स्वीकार किया गया। उक्त अभियुक्तों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के सुसंगत धाराओं के तहत् विधिवत न्यायालयीन कार्रवाई की गई। उक्त कार्यवाही में वनक्षेत्रपाल अनिल वर्मा, वनपाल आशुतोष सिंह ठाकुर, जयकिशन यादव, रामकुमार विश्वकर्मा, वनरक्षक महेश कुमार चेलक,संदीप देवांगन, राजू कुर्रे, गिरीशचंद्र सेन का विशेष योगदान रहा।

लगभग 10 लाख रूपए मूल्य की अवैध लकड़ी जब्त

- वन विभाग द्वारा सघन छापामार कार्रवाई जारी

रायपुर/नवप्रदेश। वन विभाग द्वारा आज छापामार कार्रवाई के दौरान सुकमा वनमंडल अंतर्गत 10 लाख रूपए से अधिक मूल्य की अवैध लकड़ी की जब्ती की कार्रवाई की गई। आरोपियों के खिलाफ वन अपराध प्रकरण के तहत कार्रवाई जारी है।

मुख्य वनसंरक्षक श्री मो.शाहिद से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दौरान सुकमा के तीन विभिन्न वन परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नीलावरम तथा आसपास के क्षेत्रों में विभागीय टीम द्वारा सघन तलाशी अभियान चलाया गया। टीम में विभाग के 30 से अधिक कर्मचारियों का सक्रिय योगदान रहा। गौरतलब है कि वन विभाग द्वारा वन अपराधों की रोकथाम तथा वनो की सुरक्षा के लिए अभियान लगातार जारी है।

तमिलनाडु से जिले के 6 बंधक मजदूरों को लाया गया वापस

- दो लाख से अधिक का मजदूरों का कराया भुगतान

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले के बंधक मजदूरों को तमिलनाडु से वापस लाकर अप्राप्त मजदूरी राशि का भुगतान कराया गया। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला को कांकेर जिले के मूरागांव, खसगांव, अलनार के नाबालिग बच्चों को बंधक बनाने की सूचना मिलने पर पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करते हुए तमिलनाडु राज्य के धर्मापुरी जिले के ग्राम पंचायत कोदूर में 4 नाबालिग बच्चे व 6 श्रमिकों को लाने हेतु रेस्क्यू दल का गठन किया गया। कलेक्टर के निर्देशन में जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, श्रम विभाग एवं चाइल्ड लाइन के सदस्य की टीम तैयार कर तमिलनाडु रवाना किया गया, जहां पर लोकेशन के आधार पर इन बच्चों व श्रमिकों तक पहुंचने में सफलता मिली। धर्मापुरी के आरडीओ ऑफिसर श्रीमती टी.आर. गीता रानी के सहयोग से सभी बाल श्रमिक और श्रमिकों को स्थानीय प्रशासन की मदद से अप्राप्त मुआवजा राशि 02 लाख 16 हजार 200 रुपये भुगतान कराया गया।

गौरतलब है कि बंधक मजदूर वेंकटेश्वरा बोरवेल्स कंपनी में पिछले 3 माह से काम कर रहे थे जो घर आना चाहते थे, जिन्हें गृह जिला कांकेर वापस आने नहीं दिया जा रहा था। रेस्क्यू टीम द्वारा तमिलनाडु पहुंचकर जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बालक कल्याण समिति धर्मापुरी की सहयोग से बंधक श्रमिकों को वापस लाने में सफलता प्राप्त किये। टीम द्वारा बंधक मजदूरों को वापस लाकर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल से मुलाकात करवाई गई। तत्पश्चात कार्यवाही करते हुए कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार आयुष्मान कार्ड, श्रमिक पंजीयन एवं पुनर्वास दिलाने के लिए स्किल डेवलपमेंट के प्रशिक्षण से जोड़ने हेतु सूची तैयार की गई। रेस्क्यू टीम में थाना प्रभारी तड़ोकी श्री अजय कुमार साहू, जिला बाल संरक्षण अधिकारी रीना लारिया, श्रम निरीक्षक विवेक साव, आरक्षक कोमल नवरेती, चाइल्डलाइन टीम मेंबर महेश साहू एवं आउटरीच वर्कर श्रीमती अजीता पोया उपस्थित थे।

पीडीएस का राशन चुराने वाले गिरोह के 7 आरोपी कार सहित गिरफ्तार

कोरबा/नवप्रदेश। क्षेत्र में स्थित सोसायटियों से पीडीएस का चावल, शक्कर और चना चोरी करने के मामले में पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा 7 आरोपियों सहित 1 स्वीफ्ट कारए 3 पिकअप वाहन, चोरी का चावल व शक्कर बरामद करने में सफलता अर्जित किया है। लगातार चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी कर मामले का खुलासा करने पर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीमों की सराहना की है।

लटोरी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कल्याणपुर सोसायटी से 13 फरवरी को 95 बोरी पीडीएस चावल की चोरी, 1 मार्च को चौकी खड़गवां क्षेत्र के ग्राम जगरनाथपुर से 174 बोरी पीडीएस चावल, 14 बोरी शक्कर और 28 बोरी चना की चोरी और 3 मार्च को चौकी लटोरी अंतर्गत ग्राम गंगापुर सोसायटी से 196 बोरी चावलए 18 बोरी चना और 10 बोरी शक्कर को सोसायटी का ताला तोड़कर चोरी करने संबंधी रिपोर्ट सोसायटी संचालकों द्वारा करने पर चौकी लटोरी व चौकी खड़गवां में धारा 457, 380 के तहत मामला दर्ज किया था। आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तारी करने थाना जयनगर, चौकी लटोरी व खड़गवां की संयुक्त टीम गठित कर लगाया गया था। पुलिस की टीम ने लटोरी, अंबिकापुर के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, कंट्रोल रूम अंबिकापुर व संभावित स्थानों के कई सीसीटीव्ही फुटेज खंगाला।